13 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 294


पारंपरिक विधान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं : कल्पना सोरेन



# बड़कागांव की बादम कोल परियोजना में भारी बवाल

## मुआवजा वितरण शिविर में विवाद के बाद हुई हिंसक झड़प

- पथराव में एक दर्जन से अधिक अधिकारी और ग्रामीण घायल
- पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील, डीसी और एसपी पहुंचे

दिनकर कुशवाहा पिंटू

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव अंचल अंतर्गत बादम में एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजना में मुआवजा भुगतान को लेकर मंगलवार को आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीणों और प्रशासन के बीच जम कर हिंसा हुई। इस हिंसक झड़प में दर्जन भर से अधिक एनटीपीसी और पुलिस-प्रशासन के कर्मी और ग्रामीण घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल अधिकारियों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया है।



**भूमि अर्जन के लिए मुआवजा शिविर लगा था:** हजारीबाग उपायुक्त द्वारा सात अगस्त को जारी पत्र के आधार पर बड़कागांव में महुगाई कला के अंबाजीत में अर्जित भूमि को लेकर मुआवजा शिविर लगा था। इसे लेकर बड़कागांव पूर्वी क्षेत्र के हजारों ग्रामीण अंचल कार्यालय पहुंच गये। भीड़ को देखकर प्रशासन द्वारा तत्काल महुगाई कला पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। इसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गये और अंचल कार्यालय से सभी पंचायत भवन पहुंच गये। वहां हिंसक झड़प हुई।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया पथराव

पंचायत भवन के पास ग्रामीणों ने कंपनी के अधिकारियों और पुलिस प्रशासन की टीम पर हमला किया। इसमें एनटीपीसी एचओपी जीएम अरुण सक्सेना, डीजीएम सुरजीत, मंजूनाथ, भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी विशाल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, अमीन जाकिर हुसैन समेत दर्जन भर अधिकारी और पुलिस के लोग घायल हो गये। इस झड़प में काफी संख्या में ग्रामीण भी घायल हुए। ग्रामीणों द्वारा किये गये पथराव में दो दर्जन के लगभग प्रशासनिक और कंपनी के वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। वहीं ग्रामीणों में कन्नू महतो, कुंवर महतो, रामसेवक महतो समेत दर्जनों लोग को गंभीर चोट आयीं। इस झड़प में डीएलएओ, एसडीपीओ, सीओ, थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारियों के वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन बड़कागांव थाना पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### ग्रामीणों ने कहा, पुलिस ने किया लाठी चार्ज

ग्रामीणों का कहना है कि आयोजित शिविर बड़कागांव अंचल कार्यालय परिसर में था, जिसे अचानक बदल दिया गया। महुगाई कला पंचायत भवन में आयोजित शिविर में पहुंचने पर ग्रामीणों पर पुलिस ने अचानक लाठी चार्ज किया, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गये। भड़के ग्रामीणों ने पथराव किया।

## अखिलेश यादव पहुंचे नेमरा, दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि

# गुरुजी के जीवन से हम सभी को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी: अखिलेश

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और परिवार के अन्य सदस्यों से मिल

बीरू कुमार/अंजनी

**रामगढ़/गोला।** सपा प्रमुख सह सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि दिशोम गुरु ने अपने जीवन का एक-एक पल आदिवासी, दलित, शोषित, पीड़ित एवं वंचित समुदायों के कल्याण में लगा दिया। गुरुजी के जीवन से हम सभी को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। दिशोम गुरु भले ही आज हम सभी के बीच नहीं हैं, लेकिन उनका संघर्ष, आदर्श एवं व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। गुरुजी एक प्रभावशाली जननेता के रूप में युग-युग तक याद किये जायेंगे, जिन्होंने समाज को एक नयी दिशा दी। वह मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेमरा स्थित पैतृक आवास पहुंचे थे। यहां उन्होंने स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर अखिलेश ने हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन से मुलाकात कर संवेदनाएं प्रकट की। अखिलेश ने हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन से आत्मीय भेंट की। उन्होंने कहा कि रूपी सोरेन से कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरे झारखंड के लोग आपके साथ हैं। आपका संबल ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शक्ति प्रदान करेगा।



### हेमंत सोरेन निभा रहे श्राद्ध कर्म की रस्म

रामगढ़/गोला। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद मंगलवार को उनका आठवां (अष्टमी) श्राद्ध कर्म पारंपरिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों के साथ मिलकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पूजा-पाठ और अन्य धार्मिक कर्मकांड पूरे किये। यह कार्यक्रम पूरी श्रद्धा और आदिवासी परंपरा के अनुसार आयोजित किया गया।

# छोटी बहन के सामने युवती से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

## खुद को पुलिसकर्मी बता की वारदात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में शर्मसार कर देने वाली एक वारदात सामने आयी है। यहां एक युवती के साथ कथित तौर पर उसकी छोटी बहन के सामने ही बलात्कार किया गयौ। पुलिस ने मंगलवार को इस पूरी घटना के बारे में जानकारी दी और बताया कि इस मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार दो लोगों द्वारा एक 22 वर्षीय एक युवती के साथ उसकी छोटी बहन के सामने ही बलात्कार किया गया। युवती की ओर से दर्ज करायी गयी शिकायत के मुताबिक वह और उसकी बहन आजीविका की तलाश में पंजाब जाने वाली थी। इसके लिए वे दोनों डाल्टनगंज स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान दो लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और उन्हें अपने साथ ले जाकर एक सुनसान जगह पर बलात्कार किया। अपराध के बाद, जब दोनों व्यक्ति उन्हें मोटर साइकिल पर डाल्टनगंज स्टेशन ले जा रहे थे, तो छोटी बहन दोपहिया वाहन से कूद गयी और शोर मचाया। इसके बाद वहां एकत्र हुए स्थानीय लोगों ने आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शिकायतकर्ता युवती को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। वहीं, गिरफ्तार किये गये आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



















आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# मुनीर की धमकी पर अमेरिका की चुप्पी..

## ■ भारत के लिए कूटनीतिक परीक्षा का समय है पाकिस्तानी जनरल की धमकी

## ■ ट्रंप के टैरिफ वॉर के प्रहारों के बीच देश को महफूज करने में जुटे प्रधानमंत्री

## ■ भारत को इस तरह की धमकी का मुंहतोड़ जवाब देने का यह है अनुकूल समय

**आजाद सिपाही विशेष**

**'ऑपरेशन सिंदूर' में बुरी तरह मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान के बड़बोले सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने एक बार फिर भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया है। अमेरिका में पाकिस्तानी प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए मुनीर ने न केवल भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है, बल्कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के सीएमडी मुकेश अंबानी को मजहबी लहजे में धमकी दी है। पाकिस्तानी फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने अपने भाषण में कहा कि एक ट्वीट करवाया था, जिसमें सूरह फील और मुकेश अंबानी की तस्वीर थी, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि अगली बार पाकिस्तान क्या करेगा। मुनीर ने धमकी भरे लहजे में कहा, हम भारत के पूर्व से शुरुआत करेंगे, जहां उनके सबसे कीमती संसाधन हैं, और फिर पश्चिम की ओर बढ़ेंगे। आसिम मुनीर यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपने परमाणु हथियारों की हेकड़ी दिखाते हुए धमकी दी कि अगर भारत ने सिंधु नदी पर कोई बांध बनाया, तो उसे मिसाइलें मारकर गिरा देंगे। मुनीर ने कहा, हम इंतजार करेंगे कि भारत बांध बनाये और फिर उसे 10 मिसाइलों से खत्म कर देंगे। सिंधु नदी भारत की खानदानी जायदाद नहीं है और हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। मुनीर के इस बयान पर भारत सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'परमाणु हथियारों से लैस एक गैर-जिम्मेदार देश' की मानसिकता करार दिया है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने मुनीर के बयान को बेहद गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए चेतावनी दी कि पाकिस्तान में परमाणु हथियार गैर-राज्य तत्वों के हाथ में जाने का वास्तविक खतरा है। यह बयान पाकिस्तान में लोकतंत्र की अनुपस्थिति का उदाहरण है, जहां असल में सत्ता सेना के हाथ में है। क्या है मुनीर की धमकी का मतलब और भारत कैसे इस तरह की धमकियों से निबटने में लगा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

'ऑपरेशन सिंदूर' में मुंह की खाने के बाद अब अगर पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर अमेरिका की धरती से भारत को धमकी दे रहे हैं, तो इसे हास्यास्पद नहीं, तो क्या कहा जाये? यह सही है कि काफी अरसे के बाद अमेरिका ने पाकिस्तान की ओर बांहें पसारी हैं, लेकिन इसका यह अर्थ तो नहीं कि मुनीर आसमान में उड़ने लगें।

### क्या कहा जनरल मुनीर ने

फ्लोरिडा में पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए कथित तौर पर जब वह कहते हैं कि अगर भारत ने सिंधु नदी पर बांध बनाया, तो पाकिस्तान उसे मिसाइलों से उड़ा देगा, या फिर यह कि अगर पाकिस्तान को लगेगा कि वह डूब रहा है, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले जायेगा, तो इसका क्या अर्थ निकाला जाये। दरअसल मुनीर ने एक बार फिर वही काम किया है, जिसमें वह माहिर हैं। वह एक विफल इस्लामी गणराज्य के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी के रूप में अपनी स्थिति को सुरक्षित करने के लिए भारत के प्रति घृणा से भरे बयानों का सहारा ले रहे हैं। मजे की बात तो यह है कि ऐसा करते हुए वह खुद भारत की तुलना मर्सिडीज बेंज से और पाकिस्तान की तुलना कचरे के ट्रक से करके परोक्ष रूप से भारत की तारीफ ही कर रहे हैं।

### अमेरिका की चुप्पी

गीदड़भभकियां देना वैसे तो पाकिस्तान की फितरत है, लेकिन दो महीने में अपनी दूसरी अमेरिकी यात्रा पर अमेरिका की धरती से मुनीर की धमकियों के निहितार्थ स्पष्ट हैं। खासकर तब, जब अमेरिका-पाकिस्तान के बीच संबंध मधुर हो रहे हैं, वाशिंगटन इस्लामाबाद को एक 'अभूतपूर्व साझेदार' बता रहा है और ट्रंप सरकार पाकिस्तान के नगण्य ऊर्जा भंडार का दोहन करने पर विचार कर रही है। वह भारत को साफ संदेश देना चाहते हैं कि अब अमेरिका का हाथ उनके सिर पर है। एक गैर-जिम्मेदार राष्ट्र के सैन्य प्रमुख होने के नाते उनका यह भूलना चौंकाता नहीं कि उनकी यह धमकी उस दिन आयी, जब दुनिया 1945 में नागासाकी पर अमेरिका द्वारा परमाणु बम गिराये जाने की 80वीं वर्षगांठ मना रही थी। ऐसे में पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए भारत की यह चिंता निर्मूल नहीं है कि वहां मानवता का नाश करने वाले इन हथियारों के आतंकियों तक पहुंचने की पूरी आशंका है।





### भारत का मुंहतोड़ जवाब

हालांकि पाकिस्तान को दिये गये मुंहतोड़ जवाब में भारत ने अमेरिका को मित्र देश ही कहा है, इसके बावजूद पिछले कुछ महीनों से अमेरिका ने जिस तरह का दोहरा रवैया दिखाया है, उससे उसके आतंकवाद के खिलाफ रुख की विश्वसनीयता पर तो आघात लगा ही है, पाकिस्तान में आतंकवाद के नये सिरे से उभरने की आशंका भी पैदा हुई है।

### बदल रहा है दक्षिण एशिया का सामरिक समीकरण

जनरल मुनीर का बयान बताता है कि दक्षिण एशिया में सामरिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। एक ओर पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के ताजा बयान ने भारत के पूर्वी मोर्चे पर संभावित खतरे का संकेत दिया है, तो दूसरी ओर भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आने वाले युद्ध को केवल सैनिकों का नहीं, बल्कि पूरे देश का युद्ध बताया है। दोनों बयान यह स्पष्ट कर रहे हैं अगला टकराव पारंपरिक सीमाओं से परे होगा, यह सैन्य शक्ति, तकनीक, सूचना युद्ध और जन-भागीदारी का सम्मिलित परीक्षण होगा।

### वैश्विक शांति के लिए गंभीर संकेत

देखा जाये तो पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर का अमेरिका की धरती से भारत को सीधी परमाणु धमकी देना केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर संकेत है।

यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को भारत-पाकिस्तान के बीच शांति दूत के रूप में प्रस्तुत कर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नैतिक आधार तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं।

मुनीर ने न केवल 'यदि हमारे अस्तित्व पर खतरा हुआ, तो हम आधी दुनिया को ले डूबेंगे' जैसी उत्तेजक भाषा का प्रयोग किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी जिम्मेदार परमाणु शक्ति की तरह व्यवहार करने को तैयार नहीं है।

ऐसे में ट्रंप के 'शांति दूत' होने का दावा हास्यास्पद प्रतीत होता है, क्योंकि उनके देश में खड़े होकर ही पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य नेता ने परमाणु युद्ध की धमकी दी।

### धमकी के पीछे गहरी आर्थिक मंशा

इसके अलावा असीम मुनीर का अमेरिका में खड़े होकर भारत को परमाणु धमकी देना केवल सैन्य या कूटनीतिक बयान नहीं, बल्कि इसके पीछे एक गहरी आर्थिक मंशा भी झलकती है। पाकिस्तान की यह पुरानी रणनीति रही है कि जब भी उसकी आर्थिक हालत चरमरा जाती है, वह भारत के साथ तनाव बढ़ाकर और परमाणु युद्ध की आशंका पैदा करके वैश्विक वित्तीय संस्थाओं और दाता देशों पर दबाव बनाता है।

इस बार भी यही पैटर्न दिखाई देता है–अंतरराष्ट्रीय मंच पर परमाणु धमकी देकर पाकिस्तान ने अप्रत्यक्ष रूप से विश्व बैंक, आइएमएफ और अन्य वित्तीय एजेंसियों को यह संदेश दिया कि अगर उसके भुगतान रोके गये, तो दक्षिण एशिया में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा।

यह 'न्यूक्लियर ब्लैकमेल' की रणनीति पाकिस्तान दशकों से अपनाता आ रहा है और कई बार उसे आपातकालीन वित्तीय पैकेज भी इसी दबाव के चलते मिल चुके हैं।

बहरहाल मुनीर के बयानों और जनरल द्विवेदी की चेतावनी में एक साझा संदेश छिपा है– अगला संघर्ष बहु-आयामी होगा। यह पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों से लेकर सूचना और साइबर स्पेस तक फैला होगा।

भारत के लिए यह समय केवल सैन्य तैयारी का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकजुटता, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को एक साथ साधने का है, क्योंकि इस बार खतरा न सीमा जानता है, न पारंपरिक युद्ध के नियम।

# दिशोम गुरु और स्व. हरिनारायण सिंह को ट्रक ओनर्स एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

सतीश कुमार ठाकुर



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम टाटीसिलवे रेलवे गुड्स शेड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को यूनियन कार्यालय नामकुम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंच का संचालन एसोसिएशन के प्रवक्ता साधु यादव ने किया। जिसमें झारखंड निर्माण के महानायक सह पूर्व मुख्यमंत्री, दिशोम गुरु शिबू सोरेन और आजाद सिपाही के संस्थापक सह प्रधान संपादक हरिनारारण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दोनों ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। एसोसिएशन के संरक्षक राजदेव सिंह यादव ने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का अतुलनीय योगदान रहा। उन्होंने अपना जीवन आदिवासी गरीब, दलित, शोषित, वंचित एवं उपेक्षित समुदाय के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनका संघर्ष, आदर्श एवं उनके द्वारा दिखाये रास्ते राज्यवासियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। वहीं, उन्होंने कहा कि हमारे यूनियन को आगे बढ़ाने में आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह का बहुत बड़ा योगदान है। उनके निधन से मीडिया जगत को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है और यह मीडिया जगत के पत्रकारों के लिए दुःखद है। उन्होंने कहा कि हरिनारायण सिंह ने पत्रकारिता के माध्यम से समाज सेवा का कार्य किया था। उनकी कमी हम सबों को हमेशा खेलेगी। श्रद्धांजलि सभा में यूनियन के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह यादव, सचिव प्रेमनारायण सिंह, कोषाध्यक्ष अनुज सिंह, प्रवक्ता साधु यादव, उपाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, महामंत्री नगेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार, पिंकू सिंह, प्रेम कुमार जयसवाल, अधार सिंह, नितेश कुमार सिंह के अलावा बड़ी संख्या में एसोसिएशन के सदस्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.7 °c | 23.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.24 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# पारंपरिक विधान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं : कल्पना सोरेन

## पुत्रवधू धर्म का बखूबी पालन कर रही हैं कल्पना सोरेन





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़/गोला।** झारखंड के दिग्गज नेता और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद उनकी विधायक बहू कल्पना सोरेन हर दिन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ श्राद्धकर्म में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। कल्पना सोरेन ने मगंलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह ढेंकी से चावल कूटते हुए नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, हमारे पारंपरिक विधान और रीति-रिवाज का अभिन्न हिस्सा है ढेंकी, वीर योद्धा दिशोम गुरु अमर रहें।

बता दें कि 16 अगस्त को दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्धकर्म आयोजित होगा, जिसमें देशभर से लाखों लोग उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्र होने की संभावना है। यह आयोजन गुरुजी के योगदान और विरासत को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

भाकृअनुप- केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या / Advt. No. 23/YP-1/2025-26 दिनांक/Date: 13.08.2025
प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना/Notice for Walk-In-Interview
भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओडिशा में अनुबंध के आधार पर **यग प्रोफेशनल।(फोटोग्राफर) हेतु एक (01)** पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **27.08.2025** है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा. अनु.सं., की वेबसाइट **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/** पर जाएं।
Applications are invited from the eligible candidates for **one (01) post of Young Professional-I (Photographer)** on contractual basis at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. Last date of receipt of application is **27.08.2025.** For further details please visit to ICAR-CRRI website: **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/.**
प्रधान अन्वेषक/Principal Investigator

## गुरुजी का पोर्ट्रेट देख सीएम हुए भावुक



### पाकुड़ के चर्चित चित्रकार विनय ने गुरुजी की पोर्ट्रेट सीएम हेमंत को नेमरा में भेंट की

**कार्तिक कुमार**

**पाकुड (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ के चर्चित चित्रकार विनय घोष दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने मंगलवार को नेमरा पहुंच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने हाथों से बनी पोर्ट्रेट भेंट की। गुरुजी का विनय घोष के हाथों से बनायी गयी पोर्ट्रेट को देख मुख्यमंत्री भावुक हो गये। विनय ने बताया कि मैं गुरुजी को श्रद्धांजलि देने नेमरा गया था, लेकिन साथ में गुरुजी की एक पोर्ट्रेट अपने हाथों से बना कर ले गया था। लेकिन सीएम साहब के आवास के समीप सुरक्षा कर्मियों द्वारा अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही थी। लेकिन वहां खड़े एक बड़े अधिकारी ने मेरे हाथ में गुरुजी की बनी पोर्ट्रेट को देखा तो हमें सीएम साहब के पास जाने की अनुमति दी। फिर वे सीएम साहब के हाथों में गुरुजी की बनी पोर्ट्रेट को सौंप कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दिया। सीएम ने नम आंखों से विनय की पीठ थपथपाई।

# 'गमी नेग वाला डलिया' देख भावुक हुए सीएम हेमंत सोरेन

### अभय सागर मिंज ने नेमरा में सीएम से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**नेमरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को उस समय भावुक हो गये, जब मानवशास्त्र के सहायक प्राध्यापक और जनजातीय मामलों के चर्चित विद्वान अभय सागर मिंज ने उन्हें 'गमी नेग वाला डलिया' सौंपा। मुख्यमंत्री इन दिनों अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के अनुष्ठानों के लिए नेमरा में हैं। सीएम से मुलाकात के बाद अभय सागर मिंज ने सोशल मीडिया पर लिखा, मां ने सुबह अपने हाथों से 'गमी नेग वाला डलिया' तैयार किया था। वह बोलीं कि हेमंत बाबू जितनी तन्मयता से बाबा के अंतिम संस्कार कर रहे हैं, तुम सभी को सीखना चाहिए। मिंज आगे लिखते हैं, प्रायः आदिवासी समाज में जब किसी के घर मृत्यु होती है, तो पूरा गाव यह नेग वाला डलिया शोक संतप्त परिवार को स्वतः सहयोग करता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मां इतना प्रभावित हैं कि उन्होंने भी एक 'डलिया' तैयार कर भेजा। हमारे उरांव समुदाय में इसे 'बीजरपो' या श्राद्ध हेतु सामूहिक सहयोग बोलते हैं। बकौल मिंज, अथाह भीड़ देख कर मन में थोड़ी झिझक थी, पर मित्र अतुल गेरा ने जोर दिया कि यदि सर से मुलाकात हुई, तो तुम्हें निःसंकोच इसे देना चाहिए। आदिवासी समृद्ध परंपरा और विरासत की निशानी है यह 'डलिया'। हेमंत सर ने जब 'डलिया' देखा, तो भावुक हो गये और शांत निश्छल मन से उसे ग्रहण किया। मैंने बोलना ही शुरू किया था कि उन्होंने कहा, मुझे पता है यह क्या है और क्यों है। दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन की विरासत अब मजबूत कंधों पर हैं। आप पर बेहद गर्व है माननीय मुख्यमंत्री जी।

# सीएम हेमंत सोरेन के घर के सामने बनकर तैयार हुए चार हेलीपैड

## वीर योद्धा शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म की तैयारी की खुद देखरेख कर रहे हैं मुख्यमंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़/गोला।** नेमरा गांव पिछले आठ दिनों से पूरे झारखंड के लिए केंद्र बिंदु बना हुआ है। झारखंड राज्य निर्माता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने देश के कई नेता यहां आ चुके हैं। अभी तक जितने भी दिग्गज नेताओं का काफिला नेमरा पहुंचा है, वह सड़क मार्ग से ही होकर गुजरा है। यहां तक कि राहुल गांधी भी सड़क मार्ग से ही नेमरा पहुंच सके थे।

**हेलीकॉप्टर मुख्यमंत्री के घर के सामने ही उतरेगा :** लेकिन ब्रह्मभोज के दिन आने वाले वीवीआइपी का हेलीकॉप्टर सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के घर के सामने ही उतरेगा। शिबू सोरेन का ब्रह्मभोज 16 अगस्त को निर्धारित है। इस दिन लगभग 5 लाख लोगों के आने की संभावना है। इसके अलावा देश के कोने-कोने से कई वीवीआइपी यहां हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे।





**चार हेलीपैड बनकर तैयार हो गया :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के घर के समीप ही चार हेलीपैड बनाया गया है। मंगलवार को चार हेलीपैड बनकर तैयार हो गया। उसकी ढलाई और रंग रोगन का कार्य भी पूरा हो चुका है। इसके अलावा घर के आसपास ही सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये हैं। दिशोम गुरु के श्राद्धकर्म को लेकर सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी खनन विभाग के निदेशक राहुल सिंह को सौंपी गयी है।

**9 आइपीएस और 40 डीएसपी के जिम्मे श्राद्ध कर्म की सुरक्षा की कमान :** झारखंड आंदोलन के प्रमुख नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन 16 अगस्त को उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ़) में होगा। इस अवसर पर पूरे झारखंड से बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचेंगे। कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए झारखंड पुलिस ने व्यापक इंतजाम किये हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर नौ सीनियर आइपीएस अधिकारियों को 14 से 16 अगस्त तक रामगढ़ में तैनात किया गया है। मंगलवार को सभी अधिकारियों का एक ट्रायल भी कराया गया।

### ये आइपीएस संभालेंगे सुरक्षा की कमान

तीन दिनों तक नेमरा में होने वाले कार्यक्रम की सुरक्षा में प्रियदर्शी आलोक (रेल डीआइजी), किशोर कौशल (जैप 7 कमांडेंट), अंजनी झा (एसपी, जेपीए), एचपी जनार्दनन (एसपी, स्पेशल ब्रांच), आशुतोष शेखर (एसपी, पीटीसी), एहतेशाम वकारिब (एसपी), सौरभ (जैप 1 कमांडेंट), अजय सिन्हा (एसपी, आईटीएस) और मनोज स्वर्गीयरी (एसपी) शामिल हैं। इनके अलावा डीएसपी स्तर के 40 अधिकारियों को भी तैनात किया गया है। इन अधिकारियों को 12 अगस्त से 17 अगस्त तक की जिम्मेदारी दी गयी है। इन अधिकारियों को अलग-अलग जिलों से लाकर यहां तैनात किया गया है।

# झारखंड को 2.22 लाख पीएम आवास की मिली सौगात

## अन्नपूर्णा देवी ने शिवराज सिंह चौहान का जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार ने 2025-26 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य को 2 लाख 22 हजार 069 आवास की स्वीकृति दे दी है। यह जानकारी केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी है। इसके लिए कोडरमा की भाजपा सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्र सरकार के प्रति राज्य के जरूरतमंद नागरिकों की तरफ से आभार जताया है।



### किनको मिलेगा पीएम आवास ग्रामीण का लाभ

खास बात है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को इस बाबत जारी आधिकारिक पत्र की कॉपी भी सौंपी है। यह स्वीकृति अंतिम आवास + 2018 सर्वेक्षण सूची में दर्ज पात्र परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए दी गयी है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी के लिए आवास के संकल्प को इससे और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 2024-25 से 2029 तक ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवास जरूरतों को पूरा करने के लिए योजना का विस्तार किया है, जिसके तहत झारखंड को यह विशेष आवंटन दिया गया है।

बता दें कि केंद्र सरकार से पीएम आवास की राशि नहीं मिलने पर हेमंत सरकार ने अपने बूते अबुआ आवास योजना शुरू की थी। इसकी सुस्त रफ्तार से जुड़े सवाल पर विभागीय मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि केंद्र सरकार ने साल 2022 से 2024 तक पीएम आवास योजना का लाभ देना बंद कर दिया था। इस वजह से राज्य सरकार ने अपने बूते अबुआ आवास योजना की शुरूआत की। उनके मुताबिक साढ़े छह लाख स्वीकृत आवास में से करीब 1 लाख 20 हजार आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

15 नवंबर 2023-24 में 2 लाख अबुआ आवास बनाने का टारगेट था। इसकी तुलना में सिर्फ 84,708 परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत पक्की छत मिल गयी। वहीं, साल 2024-25 में 4.50 लाख आवास निर्माण के टारगेट की तुलना में सिर्फ 53,946 लाभुक ही तीसरी किस्त का लाभ उठाकर छत की ढलाई कर पाये। इस सुस्ती के बीच पीएम आवास ग्रामीण के तहत 2.22 लाख आवास बनाने की स्वीकृति यहां के गरीबों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

# भाजपा और चुनाव आयोग के गठजोड़ ने वोट के अधिकार की चोरी की : केशव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भारत का लोकतंत्र संविधान की नींव पर टिका है, जिसमें एक व्यक्ति एक वोट का अधिकार दिया गया है।

लेकिन भाजपा और चुनाव आयोग के गठजोड़ ने इस अधिकार की चोरी की है। वोट चोरी से भाजपा देश में सत्ता हासिल कर रही है और लोकतंत्र के पहरेदार ही लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं।

### वोट चोरी में चुनाव आयोग की अग्रिम भूमिका

केशव महतो ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग वोट चोरी में अग्रिम भूमिका निभा रहा है और संवैधानिक संस्थाएं भाजपा के शासनकाल में कैद कर ली गयी हैं। कहा कि राहुल गांधी ने सबूत के साथ वोट चोरी का खुलासा किया है, लेकिन चुनाव आयोग शपथ पत्र मांग रहा है, जो लोकतंत्र का मजाक है। उन्होंने जनता से वोट चोरी के खिलाफ खड़े होने और भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया है।



केशव महतो कमलेश ने मांग की है कि चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट जारी करे और मतदान का सीसीटीवी फुटेज जारी करे, ताकि जनता का भरोसा चुनाव पर कायम रह सके। उन्होंने कहा कि साफ सुथरी वोटर लिस्ट स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की नींव है, जो जनता का हक है, लेकिन इस हक पर डाका डाला जा रहा है।

# कांग्रेस की राजनीति है चित भी मेरी, पट भी मेरी: प्रतुल शाहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के चुनाव आयोग और एसआइआर के खिलाफ प्रदर्शन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सिर्फ. एक राजनीतिक नाटक है। अगर कांग्रेस को चुनाव आयोग और मतदाता सूची पर भरोसा नहीं है, तो पहले अपनी ही कुर्सियां छोड़ने की हिम्मत दिखाये।

सिर्फ. दिल्ली की सड़कों पर मार्च करने से ईमानदारी साबित नहीं होती। देश में कांग्रेस के पास 3 मुख्यमंत्री, 99 लोकसभा सांसद, 31 राज्यसभा सांसद और 714 विधायक हैं। झारखंड में कांग्रेस के 12 विधायक और 4 मंत्री सत्ता का मजा ले रहे हैं। अगर चुनाव आयोग पक्षपाती है, तो इन्हीं चुनावों से जीते आपके मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक भी अवैध हैं। फिर इस्तीफा क्यों नहीं देते?



**कांग्रेस की दोहरी राजनीति सामने आ गयी :** प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस का रवैया बिल्कुल वैसा है जैसे चित भी मेरी, पट भी मेरी, और खेल भी मेरा। जनता इस दोहरे और ढोंगी चरित्र को समझ चुकी है और आने वाले चुनावों में इसका हिसाब चुकता करेगी।

कांग्रेस की दोहरी राजनीति सामने आ गयी जब कर्नाटक में कांग्रेस के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने अपनी पार्टी पर सार्वजनिक रूप से यह सवाल उठाया कि जब वोटर लिस्ट में गड़बड़ी हो रही थी, तो कांग्रेस उस समय चुप क्यों रही। कांग्रेस ने जवाब देने की जगह अपने मंत्री से इस्तीफा ही ले लिया।

## झुमरीतिलैया में सवर्ण एकता मंच की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला सवर्ण एकता मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक कोडरमा स्थित गीतांजलि बैंक्विट हॉल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सवर्ण एकता मंच के संयोजक कामाख्या नारायण सिंह ने, जबकि संचालन विनय कुमार बेलू ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने बारी-बारी से अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया सभी वक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि सवर्ण एकता मंच के संगठन का विस्तार बहुत ही आवश्यक है। वक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि आज सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सवर्णों की घोर उपेक्षा की जा रही है। इस उपेक्षा को सवर्ण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगे। सभी वक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि सवर्ण जब तक संगठित नहीं होंगे तब तक उनकी राजनीतिक पहचान नहीं बन पायेगी। सभी राजनीतिक दल सवर्णों का उपयोग अपने निजी स्वार्थ में करते हैं और अपना काम निकलते ही उनके साथ उपेक्षा का बर्ताव करते हैं। आज की सामाजिक और राजनीतिक हालात को देखते हुए सवर्णों को एक साथ मिलकर समाज को एक नई दिशा देने की आवश्यकता है। निर्णय लिया गया कि सवर्ण एकता मंच की अगली बैठक आगामी 31 अगस्त को झुमरीतिलैया में होगी। इस बैठक की व्यवस्था के लिए सभी वर्गों के तीन-तीन प्रतिनिधियों का चयन किया गया है जो अपने-अपने समाज के अधिक से अधिक लोगों को बैठक में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित करेंगे।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव में भाजपा पूर्वी और पश्चिमी मंडल द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसका नेतृत्व बड़कागांव के भाजपा अनुमंडल के अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी और पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष खेमलाल महतो, अनिल मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का 79 वां वर्षगांठ पूरे भारत में मनायी जा रही है। हमारा देश की अखंडता और एकता बना रहे और विकास की पहिया तेज चले। भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने कहा कि भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर देश की एकता अखंडता को मजबूत किया गया है। मौके पर विशिष्ट अतिथि सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, अनिल मिश्रा, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, महामंत्री नरसिंह प्रसाद, किशोर राणा, त्रिवेणी महतो, रामचंद्र महतो मंडल, पूर्व मुखिया भीखन महतो, कैलाश कुमार राणा, श्रीकांत निराला, अनीता देवी, रामपति राम, सेवंती देवी, शिव शंकर मेहता, उदय मेहता, सत्यजीत अलंकार, अवध किशोर मेहता, बासुदेव यादव, राजीव रंजन, सरोज सोनी, राजकुमार राणा, राज किशोर साहू, फूलचंद गिरी, अर्जुन पांडेय, हरिशंकर प्रसाद सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## विष्णुगढ़ में भी तिरंगा यात्रा निकाली



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली। सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा सात मील चौक से प्रखंड मुख्यालय होते हुए अस्पताल चौक, अखाड़ा चौक, चेडरा पंचायत के ढंगरटोली में समापन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत के वीर सपूतों आजादी के जननायकों को याद कर नारे लगाये। तिरंगा यात्रा में विष्णुगढ़ पश्चिम मंडल के सभी शक्ति केन्द्रों से पदाधिकारी और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से मिथिलेश कुमार पाठक, सांसद प्रतिनिधि दीपू भाई, मंडल अध्यक्ष के बी मंडल, मधुसूदन प्रसाद, सुनील मिश्रा, शंकर प्रसाद बर्मन, रवि पांडे, डोमन प्रसाद गुप्ता, सुखदेव मंडल, गोवर्धन महतो, अशोक कुमार, प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा , राजेश सोनी, डब्ल्यू सोनी, विनोद गुप्ता द्वारका साव, संतोष साव नकुल साव, राजू साव, दीपक रजक, अनूप कसेरा, शंकर सिंह, वकील सिंह, तिलेश्वर साव, राजेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, रामधन माली, विनोद साव, तुकलाल महतो समेत दर्जनों शामिल थे ।

## शहीदों के सम्मान में निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**कटकमसांडी (आजाद सिपाही)।** कटकमसांडी प्रखंड के भाजपा के दोनों मंडल के नेतृत्व में 12 अगस्त को शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। कटकमसांडी ब्लॉक मोर से शुरू हुई यात्रा कटकमसांडी के मुख्य मार्गों से होते हुए कटकमसांडी के प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वतंत्रता सेनानी के स्थल तक पहुंची पहुंचते ही स्वतंत्रता सेनानी को याद करते हुए माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कटकमसांडी के दोनों मंडल अध्यक्ष ने किया। साथ में भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, महामंत्री सुमन कुमार पप्पू, कार्यसमिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव मौजूद रहे। यात्रा के दौरान वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से पूरा कटकमसांडी गुंजायमान हो गया। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में शहीदों के प्रति सम्मान और देशप्रेम की भावना जगाना है। पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि भाजपा ने शहीदों को सम्मान देने की नियमित परंपरा शुरू की है। पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि तिरंगा यात्रा से देशप्रेम का संदेश दिया जाता है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने बताया कि यात्रा का मकसद युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाना है। यात्रा का समापन शहीद स्थल पर माल्यार्पण के साथ हुआ। सभी ने मौन रखकर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, महामंत्री रीतलाल यादव, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, मुखिया नारायण साव, महामंत्री बीरेंद्र कुमार बीरू, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, सुमन राय, मुखिया आदित्य दांगी, कपिल दांगी, विजय दांगी, अरविंद यादव, मनोज पांडे, घनश्याम यादव, नरेश पासवान, श्याम लाल तूरी, संदीप मुंडा, दुर्जोय प्रसाद, किशोरी प्रसाद, कृपाल सिंह, दीपक यादव, मुकेश सरयार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मुन्ना सिंह ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने शिबू सोरेन के अतुलनीय साहस, समाजसेवा और समर्पण को याद करते हुए उनकी दिव्य आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस अपूरणीय दु:ख की घड़ी में शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जीवन संघर्ष और सेवा की मिसाल है, जो न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उनका योगदान और आदर्श आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्तम्भ के रूप में सदैव जीवित रहेगा। इस दौरान मौके पर मुख्य से मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान समेत कई अन्य नेता उपस्थित थे।

## मांडू विधायक ने मध्य विद्यालय के उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय गोधीया में मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने उन्नयन कार्य का शिलान्यास नारियल फोड कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के माता – पिता की यह सोच होनी चाहिए कि वे बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाएं। सरकारी विद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षित और प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण होकर ही आते हैं। कहा कि विधानसभा का कोई ऐसा पंचायत नहीं होगा, जहां विकास कार्य नहीं करवाया जायेगा, विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद कुशवाहा, जगन्नाथ राम, अमरेश सिंह, रविन्द्र यादव, परमेश्वर यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह स्थल बागीटॉड स्टेडियम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने बताया कि 15 अगस्त को पूर्वाह्न 09:05 बजे बागीटॉड स्टेडियम में ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके लिए मैदान का समतलीकरण, रंग-रोगन और सजावट का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई अभियान तेज किया जाए और महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई सुनिश्चित की जाये। यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने, समारोह स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग और आकस्मिक चिकित्सा जैसी सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने बताया कि 14 अगस्त को संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक शिव वाटिका, झुमरी तिलैया में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गयी और संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी के ईंधन निदेशक शिवम श्रीवास्तव ने खनन क्षेत्र का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दो दिवसीय दौरा किया। सिकरी साइट कार्यालय पहुंचने पर श्री श्रीवास्तव का परियोजना प्रमुख, पकरी बरवाडीह और पीबी-एनडब्ल्यू सुब्रत कुमार दास ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पहले दिन श्री श्रीवास्तव ने सभी चार कोयला खनन परियोजनाओं के लिए विकसित हो रहे सिकरी टाउनशिप के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। दूसरे दिन का आरंभ नवनिर्मित बागवानी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुआ। जिसमें 2,000 पौधे लगाये गये। इसके पश्चात उन्होंने सभी चार कोयला खनन परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न परियोजनाओं और पहलों की विस्तृत समीक्षा की, संचालन में और अधिक कुशलता लाने तथा कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिये।

इस दौरे की विशेष उपलब्धि ओपन हाउस सत्र रहा, जिसमें कोयला खनन परियोजनाओं के कर्मचारियों ने अपने अनुभव, सुझाव और समस्याएं साझा कीं। श्री श्रीवास्तव ने सभी कर्मचारियों को उनके कल्याण हेतु हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और सकारात्मक और सहयोगपूर्ण कार्य वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया।

इस निरीक्षण दौरे ने एनटीपीसी की सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण, संचालन उत्कृष्टता और कर्मचारी हितों के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। इस दौरे में निदेशक (ईंधन) के साथ क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) नवीन जैन, सभी परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख वरिष्ठ अधिकारीगण एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहराडीह गांव में मंगलवार की सुबह 11 हजार तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान बेहराडीह गांव निवासी 42 वर्षीय आरती देवी (पति द्वारिका राणा) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतका के भतीजे दीपक कुमार ने बताया कि उनके चाचा द्वारिका राणा के नये मकान का अभी हाल ही में निर्माण कार्य पूरा हुआ है। उनकी चाची प्रतिदिन उक्त मकान के छत पर पानी डालने जाती थी। इसी क्रम में वे आज भी छत पर पानी डालने गयी हुई थी। इसी बीच वे छत से कुछ ही ऊंचाई से गुजरे 11 हजार हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गयी। जिससे वे बुरी तरह से झुलस गयी। घटना के तुरंत बाद घरवाले व आस-पड़ोस के लोग वहां इकट्ठा हुए और सदर अस्पताल ले जाने लगे। परंतु सदर अस्पताल जाने के क्रम में ही उनकी मौत हो गयी। इधर इस घटना से मृतका के घर वालों में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सदर अस्पताल में मृतका के शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बने अधिवक्ता दीपक कुमार पांडेय



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अधिवक्ता दीपक कुमार पांडेय को कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार झारखंड प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसकी घोषणा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संतोष चतुर्वेदी के द्वारा की गयी। श्री चतुर्वेदी ने नये प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करते हुए विश्वास व्यक्त किया की श्री पांडेय के नेतृत्व में प्रदेश में संगठन मजबूत होगा और परिवार हित में कार्य होगा। राष्ट्रीय संगठन सचिव नवीन कुमार मिश्रा ने दीपक पांडे की मनोनयन पर कहा की नये अध्यक्ष पूर्व से संगठन द्वारा दिये गये कार्यों को बखूबी निभाई है और आगे भी प्रदेश के सभी जिलों में संगठन विस्तार करते हुए जनहित के कार्य को नई गति प्रदान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर दीपक कुमार पांडेय के द्वारा केंद्रीय कमेटी और राज्य कमिटी के प्रति आभार जताया है और कहा की जो विश्वास और भरोसा जताया है उसपर खरा उतरते हुए जल्द ही पूरे प्रदेश में संगठन विस्तार किया जायेगा और समाज के सभी विप्रजनों का साथ लेकर समाज के लिए बेहतर करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। दीपक पांडे की नियुक्ति पर राष्ट्रीय संगठन सचिव नवीन मिश्रा, कोषाध्यक्ष ज्योति पाठक, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आशीष चतुर्वेदी, अभय चतुर्वेदी, वैभव मिश्र, केके बाजपेयी सहित प्रदेश से राजीव दुबे, अनिल उपाध्याय, भास्कर उपाधाय, राजेश उपाध्याय, ओम प्रकाश, सूरज कुमार पांडेय, सुयश प्रकाश, सुजीत उपाध्याय, अनिता पांडेय, साक्षी उपाध्याय, पुरुषोत्तम उपाध्याय अशोक ओझा आदि ने बधाई दी है।

## स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की प्रतिमाओं - स्थलों की हुई साफ-सफाई



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कोडरमा के नेतृत्व में झुमरीतिलैया में स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की प्रतिमाओं और स्मारकों की साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने बताया कि यह अभियान उन महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक प्रयास है, जिनके बलिदान से देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि शहीदों के स्मारक और प्रतिमाएं हमारी धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और सम्मान हम सभी की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में झुमरी तिलैया मंडल अध्यक्ष सुधीर सेठ, मंडल मंत्री भारत लाल पांडेय, राजेश वर्मा, अजीत चन्द्रवंशी, अर्जुन सिंह, पवन सिंह, संतोष कुमार वर्मा, विजय वर्णवाल, चंदन पासवान, वैभव सिनहा, अनिल शर्मा, प्रकाश सोनकर, गोलू आदि उपस्थित थे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहाल का रास्ता कीचड़ में तब्दील

**जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड पीडब्लूडी बाघमारा रोड़ से राजकीय** पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा गोहाल जाने वाले कालीकरण और पीसीसी सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। यह सौभाग्य की बात है कि जयनगर प्रखंड में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राम गोहाल में बना है। लेकिन आने जाने के लिए पक्का सड़क नसीब नहीं हो सका है। आज भी ग्रामीण कीचड़ युक्त सड़क से आना-जाना किया जा रहा है। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्र-छात्राओं का नामांकन हो रहा है और इसी कीचड़ युक्त सड़क से पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य, प्रोफेसर, स्टाफ और अभिभावक भी आना-जाना कर रहे हैं। इस सड़क के प्रति जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं जा रहा हैं। सड़क तालाब कहें या दल-दल में तब्दील हो गया है, स्कूल आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर बने गड्ढे से पता नहीं चलता है कि गड्ढे में सड़क है या सड़क पर गड्ढा है। जिससे लोगों में काफी परेशानी हो रही है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे के साथ जर्जर हो जाने से छोटे-छोटे वाहनों को चलना तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। वहीं जर्जर सड़क को पार करने में छोटे वाहनों को मुश्किल बन गया है। मुखिया मुखिया बिनोद दास ने बताया कि हम सौभाग्यशाली हैं जिले का पॉलिटेक्निक कॉलेज हमारे पंचायत में बना है लेकिन जिला प्रशासन और सांसद विधायक का इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बारिश के समय ककरचोली गांव भ्रमण करते तो पीसीसी सड़क का निर्माण बहुत जल्द हो सकता है। ग्रामीण विनय राणा, चंदन पासवान, विजय पासवान सहित दर्जनों लोगों ने जिला प्रशासन, सांसद और विधायक से उपरोक्त सड़क निर्माण कि मांग किया है।

## विभावि में स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की वार्षिक बैठक संपन्न

# सभी संस्थान वर्ष भर नियमित खेलकूद का आयोजन करें: कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी शैक्षणिक संस्थान अपने यहां नियमित खेलकूद का आयोजन करें। प्रत्येक महीना कोई ना कोई खेलकूद हो। प्रत्येक महीना इस संबंध में अपना प्रतिवेदन विश्वविद्यालय में समर्पित करें। उक्त बातें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने कही। मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केवल किसी खेल की मेजबानी के लिए तत्परता नहीं दिखानी है। पहले अपने संस्थान में उस खेल का आयोजन करके दिखाना है। जरूरत पड़े तो प्रशिक्षक की सेवा ली जा सकती है। कुलपति ने कहा कि खेल की ऐसी व्यवस्था हो ताकि पूर्वी क्षेत्र में विश्वविद्यालय के खिलाड़ी पुरस्कार जीत सके। उन्होंने निशक्त विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने की आवश्यकता को भी बताया। कुलपति ने कहा कि सभी प्राचार्य सुनिश्चित करें कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ के नियमों के अनुसार उनके महाविद्यालय के नियमित छात्र ही महाविद्यालय के दल में शामिल हो। मेजबान संस्थान खिलाड़ियों के आई कार्ड की जांच करने के उपरांत खेलने की अनुमति दे। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष सह कुलसचिव डॉ सादिक रज्जाक ने सभी का स्वागत किया। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ रखो हरि वर्ष 2025 26 में आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स (20-29 नवंबर 2025) और बास्केटबॉल (25-26 सितंबर 2025) प्रतियोगिताओं की मेजबानी का दायित्व संत कोलंबा महाविद्यालय को, तीरंदाजी (01 नवंबर 2025) भार-उत्तोलन (7-8 नवंबर 2025) तथा पुरुष फुटबॉल (11-13 सितंबर, 2025) की मेजबानी जेजे कॉलेज झुमरी तिलैया को, एयर राइफल शूटिंग (9-10 जनवरी 2026) और महिला फुटबॉल (11-13 सितंबर 2025) की मेजबानी जीएम इवनिंग कॉलेज इचाक को, बैडमिंटन (20 नवंबर 2025) की मेजबानी अन्नदा महाविद्यालय को, क्रॉस कंट्री (30 अगस्त 2025) की मेजबानी केबी महिला महाविद्यालय को, शतरंज (13 नवंबर 2025) की मेजबानी पीटीपीएस कॉलेज पतरातू को, पुरुष क्रिकेट (15-17 जनवरी 2026) की मेजबानी गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह को, कबड्डी (18-19 सितंबर 2025) की मेजबानी ग्रिजली महाविद्यालय कोडरमा को, खो-खो (20-21 नवंबर 2025) की मेजबानी करणपुरा महाविद्यालय बड़कागांव को, टेबल टेनिस (23 अगस्त 2025) की मेजबानी जेएम कॉलेज भुरकुंडा को, वॉलीबॉल (10-11 अक्टूबर 2025) की मेजबानी रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ को और योग (17 अक्टूबर 2025) की मेजबानी विभावि के योग केंद्र को आवंटित किया गया। इसके अलावा हॉकी (8 अक्टूबर 2025) के लिए चयन शिविर का आयोजन संत कोलंबा महाविद्यालय में तथा ताइक्वांडो (16 अक्टूबर 2025) के लिए मां विंध्यवासिनी महाविद्यालय में करवाने पर सहमति बनी। खेल निदेशक ने बताया कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार तिथियां में आवश्यक फेरबदल किया जा सकते हैं। इस अवसर पर वर्ष 2025 26 के खेलकूद के लिए एक करोड़ 12 लाख के प्रस्तावित खर्च को स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की बैठक में अनुमोदित किया गया। बैठक में प्रस्ताव लिया गया कि सभी संस्थान कम से कम पांच अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता सुनिश्चित करेगा। धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो मिथिलेश कुमार सिंह ने किया।

## विद्यालय में साइकिल का हुआ वितरण



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चलकुशा में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में चलकुशा प्रमुख नीतू कुमारी, बीडीओ अमृता सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेश प्रजापति ने उपस्थित होकर कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2025-2026 में पढ़ने वाले के बीच साईकिल वितरण किया। मौके पर प्रधानाध्यापक नौशाद आलम प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, पसंस प्रतिनिधि उमेश साव, मदन कुमार, मो० सुभानी, प्रमोद पांडेय, मुन्ना पांडेय, संजय पंडित और अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोडरमा में निकली तिरंगा यात्रा




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय कोडरमा में मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौके पर स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव भी यात्रा में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि तिरंगा ना केवल भारत की पहचान है बल्कि हमारी आन, बान और शान है। आजादी की लड़ाई में शहीद हुए लोगों का उन्होंने जिक्र करते हुए कहा कि हम उन्हें कभी नहीं भूल सकते। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, राजकुमार यादव, सचिंद्र शर्मा, उत्तम कुमार, गोपाल कुमार गुतुल भी कोडरमा ग्रामीण मंडल इकाई की तिरंगा यात्रा संपन्न हुई। इधर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार पंडित के नेतृत्व मे चाराडीह चौक से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होकर छतरबर, करमा पंचायत होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण, वासुदेव यादव, विक्रम सिंह, ब्रह्मदेव यादव, सुभाष पंडित, छोटू पंडित रमेश यादव, भगवान दास साहू, मिथिलेश सिंह, महेश यादव, राजू सिंह, कैलाश मोदी, नरेश पंडित, सुभाष यादव, दीपक राणा, काशी पंडित, मनोज सिंह, रंजीत यादव, नकुल यादव, सतीश यादव, महेंद्र यादव, दिनेश शर्मा, दिनेश कुमार यादव, दीपक पंडित, पुरुषोत्तम सिंह, सूरज रजक, शिव शंकर दास, सुरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## पतरातू में नेत्र जांच शिविर का आयोजन



पतरातू (आजाद सिपाही)। स्वर्णरेखा महिला समिति ने पीवीयूएनएल के सहयोग से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पतरातू में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कक्षा 11 और 12 की 113 छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती रेनू सेहगल ने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया और पढ़ाई में सफलता के लिए दृष्टि की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दृष्टि न केवल पढ़ाई में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। विद्यालय की सभी छात्राओं के लिए नेत्र जांच की व्यवस्था की जायेगी, ताकि समय रहते उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं का निदान और उपचार संभव हो सके। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य और शैक्षिक प्रगति को सुदृढ़ करना है।

## मशरूम उत्पादन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम



मांडू (आजाद सिपाही)। कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ मांडू में मशरूम उत्पादन को लेकर मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद – वन उत्पादकता संस्थान (आइएफपी) रांची के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मशरूम उत्पादन की व्यावहारिक जानकारी दी गयी। किसानों को प्रशिक्षण के दौरान उत्पादन तकनीक, बीज चयन, उत्पादन प्रबंधन, रोग-कीट नियंत्रण और विपणन की जानकारी दी गयी। जिससे किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं उत्पादन शुरू कर सकें। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता केविके रामगढ़ के प्रभारी डॉ. सुधांशु शेखर ने की। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सुधांशु शेखर ने कहा कि मशरूम उत्पादन ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए कम लागत, कम स्थान और अधिक लाभ वाला उद्यम है, जो रोजगार सृजन के साथ-साथ पोषण सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। साथ ही कहा कि किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से सशक्त बनाकर उन्हें कृषि आधारित आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। वहीं केंद्र के वैज्ञानिक व्याख्यान डॉ. इंद्रजीत ने उत्पादन प्रक्रिया के चरणबद्ध तरीकों, मौसम के अनुसार प्रजाति चयन और स्वच्छता प्रबंधन पर किसानों विशेष ध्यान देने की बात कही। आइएफपी के मुख्य तकनीकी अधिकारी रवींद्र लाल ने कहा कि झारखंड की जलवायु और प्राकृतिक संसाधन मशरूम उत्पादन के अनुकूल हैं। यदि किसान वैज्ञानिक पद्धति से उत्पादन करें, तो सालभर विभिन्न प्रजातियों का उत्पादन संभव है।

## सीसीएल कर्मियों को तीन दिन पीएचडी मिलेगा : राजू



उरीमारी (आजाद सिपाही)। बरका सयाल क्षेत्र के सीसीएल कर्मियों को लगातार तीन दिन पीएचडी मिलेगा। यह खुशखबरी बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय कार्यालय उरीमारी में बैठक आयोजित कर सीसीएल कर्मियों को बतायी। श्री यादव ने आगे बताया कि इस वर्ष 30 सितंबर, 01 अक्टूबर, और 02 अक्टूबर को होली दे मिलेगा। कर्मियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी थी कि इस वर्ष 02 अक्टूबर को गांधी जयंती और विजया दशमी एक ही दिन है। मजदूरों की इस भावना को समझ कर आरसीएमयू के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने बरका सयाल प्रबंधन से वार्ता किया। वार्ता के पश्चात प्रबंधन द्वारा निर्णय लिया गया कि इस बार 2025 में बरका सयाल क्षेत्र के कोयला कर्मियों को लगातार तीन बार पीएचडी मिलेगा। बैठक में महादेव बेसरा, लालो महतो, विश्वनाथ मांझी, कंचन मांझी, सीताराम किस्कू, डी जी आर भगत, टहल गोप, दीपक विश्वकर्मा, मोहम्मद हसन, महेश राम, अरुण कुमार, पार्थो भट्टाचार्य सहित कर्मी मौजूद थे।

## बेखबर सोया रहा, चोरों ने खाली कर दी अलमारी



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाना क्षेत्र के छतरमांडू के लुगू स्थान पर एक घर में बेखबर सोया रहा शख्स के घर को चोरों ने खाली कर दी। इस संबंध में भुक्तभोगी कोस्टो ठाकुर ने रामगढ़ थाना में प्राथमिक की दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि घर सभी सदस्य रक्षाबंधन को लेकर हैसला स्थित अपने रिश्तेदार के यहां गये हुए थे। करीब 11.30 बजे मैं सोने चला गया। जब अहले सुबह करीब 4 बजे मेरा नींद खुला तो मेरे रूम का दरवाजा लॉक था। इसकी जानकारी मैंने फोन के माध्यम से अपने भतीजे राज ठाकुर को दिया और वहां पहुंच कर रूम खोला। लेकिन चोरों ने अन्य रूम का अलमीरा तोड़ कर करीब 40 हजार नकद, दो सोने का मंगलसूत्र, एक सोने का मांग टीका, एक सोने का नथिया, एक सोने का झुमका, सोने का चैन, दो चांदी का पायल सहित अन्य दस्तावेज गायब पाया। इधर, रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 217/25 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## उपायुक्त ने विद्यालयों में कमजोर परीक्षा परिणाम और उच्च अनुपस्थिति पर जतायी नाराजगी

चतरा(आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में जिले के 116 माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित साप्ताहिक रेल टेस्ट परीक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा में पाया गया कि 11 विद्यालयों में 75प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। उपायुक्त ने इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कड़ी फटकार लगाई और विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही, कारण पृच्छा (स्पष्टीकरण) की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि आने वाली दो साप्ताहिक टेस्ट परीक्षाओं में परिणामों में अपेक्षित सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित प्रधानाध्यापकों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी जायेगी। इसके अतिरिक्त, समीक्षा में यह भी सामने आया कि जिले के 26 विद्यालयों में 70प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राएं साप्ताहिक टेस्ट परीक्षा में अनुपस्थित रहे। उपायुक्त ने ऐसे विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से भी कारण पृच्छा करने और उपस्थिति में सुधार के लिए ठोस पहल करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि आगामी दो साप्ताहिक टेस्ट परीक्षाओं में उपस्थिति में सुधार नहीं होता है तो संबंधित प्रधानाध्यापकों की वार्षिक वेतन वृद्धि भी रोकी जायेगी। उपायुक्त ने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पहुंचे चितरपुर

# कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**भाजपा और संघी नेताओं को यूपी सहित पूरे देश से उखाड़ फेंकेगी इंडिया गठबंधन : अखिलेश यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो सह उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मंगलवार को नेमरा से वापस लौटने के दौरान चितरपुर बाजार टांड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। उनके साथ झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की मौजूद थे। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर द्वारा बुके देकर और साफा पहनाकर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि स्व शिबू सोरेन झारखंड सहित पूरे देश के नेता थे। उन्होंने आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक व शोषितों को आगे बढ़ाने का काम किये हैं। उनकी मृत्यु से पूरा देश मर्माहत है। उनके आदर्शों को अपनाते हुए हेमंत सोरेन झारखंड को खुशहाल, समृद्ध और विकसित राज्य बनाने में जुटे हुए हैं। लेकिन भाजपा और संघी नेता लोग उन्हें रोकने का काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में देश की जनता यूपी सहित पूरे देश से भाजपा और संघी नेताओं को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। 2024 में थोड़ी कमी रह गयी है। लेकिन आने वाले चुनावों में जनता उन्हें सबक सिखाने का काम करेंगे। थोड़ी देर रुकने के बाद वे वापस रांची लौट गये। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, कुर्बान अंसारी, हाजी अख्तर आजाद, जकाउल्लाह, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जोया परवीन, प्रकाश करमाली, जनार्दन पाठक, फिरोज अंसारी, एहसान उल्लाह, मो साजिद, इनाम अंसारी, उत्तम पटवा, सनाउल्लाह, नेपाल यादव, वाज अनवर, राशीद अनवर, फैयजुल होदा, कयामुद्दीन, राजिक भंडारी, हाजी अलाउद्दीन सहित कई मौजूद थे।

# वन विभाग के फर्जी अधिकारी बनकर आये व्यापारी को ग्रामीणों ने खदेड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



हंटरगंज/चतरा। जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के केदलीकला पंचायत अंतर्गत बेलगड़ा नावाडीह गांव के समीप गोमिया पहाड़ के पास वन विभाग के फर्जी अधिकारी बनकर आए एक अज्ञात व्यापारी द्वारा आरा मशीन के माध्यम से दो हरे लिप्टस पेड़ो की कटाई का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि ग्रामीणों ने फर्जी अधिकारी को खदेड़ दिया। मौके पर पहुंची वन विभाग के टीम ने दो पेड़ बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम एक बाइक से दो अज्ञात व्यापारी जंगल पहुंचे और आरा से अंधाधुंध पेड़ो कि कटाई करने लगे। जिसके बाद ग्रामीण मशीन की आवाज सुनकर जंगल की ओर दौड़े। उन्होंने देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा मशीन की माध्यम से पेड़ की कटाई की जा रही है। जिसके बाद जब ग्रामीणों ने उनलोगों से परिचय पूछा तो लकड़ी माफिया (व्यापारी) द्वारा बताया गया की हमलोग वन विभाग के अधिकारी हैं। जिसके बाद ग्रामीणों को उन पर शक हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने दूरभाष के माध्यम से वन विभाग के अधिकारी से बात की जहां बताया गया की कोई भी अधिकारी उस फील्ड में नहीं गया है। जिसके बाद सैकड़ों ग्रामीण जुट गये ग्रामीणों को एकजुट देखते ही फर्जी वन अधिकारी और उसके सहयोगी बाइक चालू कर नौ दो ग्यारह हो गये हालांकि ग्रामीणों ने फर्जी अधिकारी को पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन सफल नहीं हो पाये। इसकी सूचना रात को ही हंटरगंज प्रभारी वनपाल चंदन कुमार को दी गयी। सूचना मिलते ही सुबह अपने टीम के प्रभारी वनपाल घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से पेड़ कटाई के संबंध में जानकारी ली। इधर ग्रामीणों ने बताया कि 50 वर्ष पूर्व से कितना मुश्किल से पेड़ को बचायें है। फर्जी अधिकारी ने आंख में धूल झोंककर सारा पेड़ को कटाई करने का प्लान बनाया था। जिसका मोबाइल नंबर 8667616249 है। आगे ग्रामीणों ने कहा कि जान दे देंगे लेकिन पेड़ को कटने नहीं देंगे। उन्होंने वन विभाग के वरीय अधिकारी से फर्जी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में पूछे जाने पर हजारीबाग निवासी व्यापारी रौशन गुप्ता ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने बताया कि यह जमीन गैरमजरुआ है। जबकि यह जमीन दिनेश्वर भुईयां का है। जिसकी मौत हो गयी है। दो पेड़ काटने के बाद ग्रामीण विरोध करने लगे। जिसके बाद पेड़ काटना छोड़ दिया।

# भाजपा चतरा नगर मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



चतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज 12 अगस्त मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी चतरा नगर मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा फांसी तालाब शहीद स्मारक से अव्वल मुहल्ला, केसरी चौक, पुराना पेट्रोल पम्प, जतराहीबाग, समाहरणालय होते हुए शहीद विनय भारती पार्क में समाप्त किया गया। लोगों ने बैक व हाथों में तिरंगा लेकर भव्य तिरंगा यात्राएं निकालीं। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल महामंत्री अमित कुमार और नगर मंडल प्रभारी अशोक शर्मा ने किया। इस दौरान उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, विद्यासागर आर्य, युवा अध्यक्ष सुमन सौरभ, भुपेंद्र मिश्रा, मनीष खंडेलवाल, गोविन्द पासवान, कालीचरण यादव, प्रदीप रावत, शंकर सोनी, हनी, अमन यादव, राज शर्मा, विनीत केशरी, राजकुमार वर्मा, जितेन्द्र पांडेय, सोनू अग्रवाल, बोबी राम, बसंत यादव, शिवम ठाकुर, टहल साव, गंगा देवी, निरा देवी, प्रवीण कुमार और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए कार्य करते हुए, सीपीएम/जीएसयू/चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक; निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; ईएमडी; निविदा की लागत; खोलने की तिथि** निम्नानुसार है: [1]; सीकेपी-जीएसयू-फेंसिंग-25-26-06; आसनबनी-झारसुगुड़ा स्टेशन के बीच किलोमीटर 233.880 से 515.117 (कुल 281.237 ट्रैक किलोमीटर) तक मेटल बीम क्रैश बैरियर, फिक्स्ड नॉट्स फेंसिंग बेजिनल-2000, प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट और आरसीसी कॉलम के साथ ईंट के काम द्वारा ट्रैक के किनारे सुरक्षा बाड़ लगाने के प्रावधान से संबंधित है; ₹ **202,94,87,150.07**; ₹ 1,00,00,000.00; शून्य; 29.08.2025 को खुलेगी। [2]; सीकेपी-जीएसयू-2025-26-जीएस-4; गति शक्ति इकाई, चक्रधरपुर मंडल के लिए सामान्य सलाहकार (जीसी) की नियुक्ति के लिए है; ₹ **8,13,61,992.82**; ₹ 5,56,800.00; शून्य; 08.09.2025। निविदा को वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उनका आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी प्रासंगिक कागजात अपलोड किए जाने चाहिए। इस निविदा के खिलाफ मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **नोट:** रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/नीति दिनांक 16.07.2020 के अधिकार के अनुसार, ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (PR 509)


# श्री गुरु नानक स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मचायी धूम

**बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों और देश के प्रति श्रद्धा भाव रखने का संदेश दिया: हरजाप**

आजाद सिपाही संवाददाता




रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के सभागार में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हें विद्यार्थियों के मध्य स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राथमिक विभाग द्वारा आयोजित इस कंपटीशन में कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थी रंग बिरंगे परिधान में भारत माता, महारानी लक्ष्मीबाई, शिवाजी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सेना के जवान आदि की वेशभूषा में सज संवरकर पहुंचे। अपने परिधान के अनुसार बच्चों ने संवाद और नारों का प्रयोग कर सबका मन मोह लिया। स्वतंत्रता दिवस के विषय में नन्हे विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रबुद्ध शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेताओं का नाम परिधान और उनके संवाद के आधार पर घोषित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी के विजेता रहे प्रथम स्थान पर दिव्यांशी, द्वितीय स्थान पर प्रवीर और तृतीय स्थान पर अथर्व सोनी। कक्षा एलकेजी से प्रथम स्थान पर रही कृतिका कुमारी, द्वितीय पर श्रद्धा और नित्या व तृतीय स्थान पर रहे अद्विक और आरोही कुमारी। कक्षा यूकेजी ए से प्रथम स्थान पर रहे रेयांश रक्षक, द्वितीय स्थान पर आयशा और तृतीय स्थान पर अनग। कक्षा यू केजी बी से प्रथम स्थान पर रहे इशा प्रिया, द्वितीय स्थान पर शांभवी प्रिया और तृतीय स्थान पर अनीश कुशवाहा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने नन्हे विद्यार्थियों की योग्यता की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश के प्रति श्रद्धा भाव रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों, ललित कला विभाग के शिक्षकों और आयोजकों के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए हुआ, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के परमदीप सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरिंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी, सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

## खदानों के निजीकरण होने के विरोध पर सीसीएल सीकेएस ने बांटा पर्ची



कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ कुजू क्षेत्र ने कोयला खदानों के निजीकरण करने के विरोध में मंगलवार को तोपा कोलियरी और नयामोड़ के आस पास के दुकानदारों और आम जनता के बीच हैंडबिल (पर्ची) का वितरण किया गया। जिसमें संघ के द्वारा बताया गया कि कोल इंडिया प्रबंधन और भारत सरकार द्वारा खदानों की निजीकरण, नियमित कामगार रखने के अलावे भविष्य में खदानों पर होने वाले दुष्प्रभाव से आम जनता और व्यापारियों पर पड़ने वाले दुष्परिणाम की जानकारी दी गयी। मौके पर क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू ने कहा कि सरकार के द्वारा कोयला खदानों को निजीकरण करने की तैयारी किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में कामगारों की संख्या में कटौती की जायेगी। जिसके कारण कोलियरी क्षेत्र में विभिन्न तरह के व्यवसायियों पर इसका असर पड़ेगा। इस अवसर पर सीसीएल सीकेएस अध्यक्ष निर्गुण महतो, क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू, अनूप लाल चौधरी, मनोज सिंह, प्रदीप कुमार राम, अशोक सिंह, मोहन महतो, ईश्वर दयाल महतो आदि मौजूद रहे।

## सांसद पहुंचे नेमरा, दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि



टंडवा (आजाद सिपाही)। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह मंगलवार को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में पहुंचे और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी भेंट कर अपने गहरे शोक संवेदना व्यक्त की। श्री सिंह ने कहा कि दिवंगत पुनित आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें और परिवारजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति दें।

## दुर्गा शक्ति फोर्स की रामगढ़ जिलाध्यक्ष बनी सुभद्रा अग्रवाल



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। हिन्दू टाइगर फोर्स के महिला विंग दुर्गा शक्ति फोर्स की रामगढ़ जिलाध्यक्ष सुभद्रा अग्रवाल को बनाया गया। मौके पर एचटीएफ के सुप्रीमो दीपक सिसोदिया भी मौजूद रहे। श्री सिसोदिया ने कहा- हिंदुत्व के प्रति समर्पित और समाज के हित में वर्षों से किये कार्यों को देखते हुए सुभद्रा अग्रवाल को डीएसएफ का रामगढ़ जिलाध्यक्ष बनाया गया है और हिन्दू धर्म में जन्म लेने वाला हर इंसान है हिन्दू टाइगर फोर्स का सदस्य इसलिए हर पीड़ित हिन्दू की मदद करना एचटीएफ का कर्तव्य है। दुर्गा शक्ति फोर्स की नयी जिलाध्यक्ष सुभद्रा अग्रवाल ने कहा कि जिले में हिन्दू महिलाओं के ऊपर हो रही प्रताड़ना को वो मुख्य रूप से समाज में उठायेगी और जन जागरण कर लव जिहाद जैसे प्रमुख मुद्दों को समाज के सामने लाया जायेगा जिससे हमारी बहन बेटियां को जिहादियों से बचाया जा सके।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 47 दिनांक 11.08.2025 के अनुसार, मैं त्रिपुरारी सिंह, उम्र 43 वर्ष पिता श्री गोविन्द सिंह ग्राम जोरवरपुर पोस्ट- गजराजगंज थाना- आरा मुफ्फसिल, जिला- भोजपुर (आरा) राज्य बिहार पिन- 802157 राष्ट्रीयता -भारतीय, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि :-
1. यह कि मैं उक्त ग्राम का स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि मैं सशस्त्र सीमा बल गृह मंत्रालय में सेवारत हूँ।
3. यह कि वर्तमान में मैं 26 वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल अनगड़ा रांची झारखण्ड में पदस्थापित हूँ।
4. यह कि मेरा धर्म पत्नी का नाम सेवा पुस्तिका में अनु कुमारी (ANU KUMARI) दर्ज है जो कि गलत है।
5. यह कि मेरा धर्म पत्नी का वास्तविक नाम अनु देवी (ANU DEVI) है जो मेरी पत्नी के समस्त कागजात आधार कार्ड, पैन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र इत्यादि में दर्ज है। 6. यह कि अनु कुमारी (ANU KUMARI), अनु देवी (ANU DEVI) दोनों नाम एक ही महिला का है जो मेरी धर्म पत्नी हैं। 7. यह कि मेरा सेवा पुस्तिका में मेरी धर्म पत्नी का नाम उसके आधार कार्ड, पेन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र इत्यादि के अनुसार सुधार करने हेतु यह शपथ पत्र संपादित कर रहा हूँ।
8. यह कि उपरोक्त शपथपत्र में दिया गया जानकारी सही एवं सत्य है।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 6145 date 07.08.2025. I, GANDO DEVI W/O SUKHDEO MAHTO aged about 53 years, Resident of village- New Miners Swang, P.O Swang, P.S- Gomia, Dist- Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-
1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my correct and actual name is GANDO DEVI which has been mentioned in my Aadhaar card vide No. 8518 3158 0605 and PAN Card vide No-BLWPD4070K but in my joint bank account of Bank of India Branch Gomia vide A/c No-481110100018848 my name has been mentioned as GENDWA DEVI. 3. That, GANDO DEVI and GENDWA DEVI both names are of one and same person i.e myself. 4. That, I want to correct or rectify my name in my above said bank account as GANDO DEVI in place of GENDWA DEVI. 5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concerned for needful purpose.
6. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also.



**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)**
**स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बाजारटांड़, सिमडेगा**

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 435, दिनांक– 11.08.2025 के द्वारा झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी जो वर्त्तमान में व्यवहारिक तौर पर पर खेल में नहीं है, मासिक पेंशन का लाभ दिये जाने हेतु मार्गदर्शिका के निर्माण के संबंध में कार्रवाई की जा रही है।
उक्त के क्रम में निम्न अहर्ताओं को पूर्ण करने वाले पूर्व खिलाड़ियों से संबंधित जानकारी/सूचना की आवश्यकता है :–
1. राज्य के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार खिलाड़ी, अर्जुन अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ध्यानचन्द अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ओलम्पिक गेम्स/पैरालम्पिक गेम्स में पदक विजेता खिलाड़ी ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ खेल/एशियन गेम/विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप (दो वर्ष या इससे अधिक के अंतराल पर आयोजित)/ पैरा एशियन गेम्स/सैफ गेम्स/राष्ट्रीय खेल के पदक विजेता/ओलम्पिक गेम्स में शामिल खेल विद्याओं में राष्ट्रीय खेल में भाग ले चुके वैसे खिलाड़ी जो अब व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं है।
2. झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हों एवं वह कम से कम 40 (चालीस) वर्ष की आयु का हो, (आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष तक की छुट दी जा सकती है बशर्ते खिलाड़ी अचानक किसी चोट या शारीरिक विकलांगकता या गंभीर बीमारी के द्वारा अक्षम हो गया हो एवं इसके परिणामस्वरुप सक्रिय खेलों से समय से पहले दूर हो गया हो।
3. ऐसे पूर्व खिलाड़ी पेंशन के हकदार नहीं होंगे, जो भारत सरकार/राज्य सरकार/पी०एस०यू० आदि में स्थायी, संविदा अथवा अस्थायी रुप से कार्यरत हो।
अतः उपरोक्त वर्णित अहर्ताओं/शर्तों को पूर्ण करने वाले पूर्व खिलाड़ियों से संबंधित सूचना विहित प्रपत्र में जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बाजारटांड़, सिमडेगा में दिनांक– 14.08.2025 को 12 बजे अपराह्न तक निश्चित रुप से उपलब्ध कराया जाय। या WatsApp No.- 9939316509 पर

**विहित प्रपत्र**
**झारखण्ड खिलाड़ी पेंशन योजना हेतु राज्य के पूर्व खिलाड़ियों की विवरणी**

| क्र०सं० | पूर्व खिलाड़ी का नाम | मोबाईल नं० | पिता/माता/पति का नाम | जन्म तिथि | स्थायी पता | खिलाड़ी की उपलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

• अधिक जानकारी के लिए श्री मनीषचन्द्र हेमरोम, जिला खेल समन्वयक, सिमडेगा Mo No.- 9939316509 से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 359449 Simdega(25-26).D

# मुनीर के इरादे

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जिस तरह खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दी है, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इससे भारत की यह चिंता पुष्ट होती है कि पाकिस्तान के पास एटॉमिक पावर होना पूरी दुनिया के लिए खतरा है। उस पर निगरानी बढ़ाए जाने की जरूरत है।

**चिंता की बात :** मुनीर इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। पहली बार किसी ने अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के लिए इस तरह धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह भी पहली बार है, जब किसी सेना प्रमुख ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह परमाणु हथियार भी इस्तेमाल कर सकता है। मुनीर की बातें जितनी गैरजिम्मेदार हैं, उतनी ही चिंता बढ़ाने वाली भी। पाकिस्तान के सिस्टम में सेना क्या भूमिका रखती है, यह सभी को मालूम है। भले वहां चुनी हुई सरकार हो, लेकिन फैसले सेना प्रमुख के होते हैं। ऐसे में मुनीर के बयान को पाकिस्तान की पॉलिसी की तरह देखा जाना चाहिए।

**पाकिस्तान की पॉलिसी :** भारत ने नो फर्स्ट यूज की नीति अपना रखी है यानी वह परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। साथ ही किसी गैर परमाणु शक्ति देश के खिलाफ भी एटमी पावर नहीं दिखाई जाएगी। लेकिन, पाकिस्तान ऐसी किसी नीति से नहीं बंधा और यही फिक्र की बात है। मुनीर का अंदाज कि हम अपने साथ आधी दुनिया को ले डूबेंगे, पाकिस्तान के असुरक्षित Atomic Doctrine का नमूना है।

**मुनीर के बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने बिल्कुल सही जवाब दिया है कि जिस देश में सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिली हो, वहां परमाणु कमांड और कंट्रोल की विश्वसनीयता पर संदेह होना स्वाभाविक है।**

**शांति के खिलाफ :** मुनीर का बयान उकसाने वाला और शांति की कोशिशों के खिलाफ है। यह विडंबना है कि उन्होंने इन बातों के लिए उस जगह को चुना, जिसके राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप आधा दर्जन युद्ध रुकवाने का दावा कर रहे हैं और जिनके लिए शांति का नोबेल मांगने वालों में पाकिस्तान भी है। यह आम बात नहीं हो सकती कि मुनीर दो महीने के भीतर दूसरी बार अमेरिका की यात्रा पर हैं। इन दो महीनों के दौरान दो देशों के रिश्तों में काफी बदलाव आया है। ट्रंप को अब इस्लामाबाद के रूप में एक प्रमुख क्षेत्रीय सहयोगी दिख रहा है।

**भारत के लिए मौका :** मुनीर के बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने बिल्कुल सही जवाब दिया है कि जिस देश में सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिली हो, वहां परमाणु कमांड और कंट्रोल की विश्वसनीयता पर संदेह होना स्वाभाविक है। एमइए ने यह भी कहा कि भारत किसी न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी सरकार का यही रुख था। मुनीर के बयान का इस्तेमाल भारत को पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने और उसके परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए करना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**समाजवादी पार्टी द्वारा आरंभ की गयी तथाकथित पीडीए पाठशाला कोई शैक्षणिक नवाचार नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक कूटचाल है, जिसमें शिक्षा को संकीर्ण सोच, सांप्रदायिक समीकरण और सत्ताकांक्षा का औजार बना दिया गया है। यह उस वैचारिक बुखार का विस्तार है, जो बालक के मन में वर्णमाला के माध्यम से वंशवाद बोने का दुस्साहस करता है।**

# पीडीए पाठशाला: शिक्षा का अपहरण या विचारधारा का विषपान



प्रणय विक्रम सिंह




**पीडीए पाठशाला कोई शैक्षिक योजना नहीं, यह सामूहिक चेतना की चीरहरण योजना है। यह एक वैचारिक अपराध है, जो संविधान की भावना, सामाजिक समरसता और शिक्षा की गरिमा तीनों का अपमान है। यह पठन नहीं, प्रपंच है। यह अक्षर नहीं, एजेंडा है। यह विद्या नहीं, वोटवाद है।**

जब पाठशाला को पार्टीशाला बना दिया जाये, जब वर्णमाला में वंशवाद घुल जाये, जब बालकों के भोलेपन पर बौखलाहट की बिसात बिछाई जाये, तब समझिए, शिक्षा नहीं, सियासत का षड्यंत्र चल रहा है। समाजवादी पार्टी द्वारा आरंभ की गयी तथाकथित पीडीए पाठशाला कोई शैक्षणिक नवाचार नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक कूटचाल है, जिसमें शिक्षा को संकीर्ण सोच, सांप्रदायिक समीकरण और सत्ताकांक्षा का औजार बना दिया गया है। यह उस वैचारिक बुखार का विस्तार है, जो बालक के मन में वर्णमाला के माध्यम से वंशवाद बोने का दुस्साहस करता है।

"A for Akhilesh", "B for Baba Saheb", "C for Charan Singh", "M for Mulayam", "Y for Yadav" यह कोई शब्दावली नहीं, समाजवादी संकीर्णता का संकेतमंत्र है। यह वर्णमाला नहीं, वोटमाला है। यह वह प्रयोग है, जो बच्चों को पठन नहीं, पक्षपात सिखाता है। यह शिक्षा नहीं, शब्दों के माध्यम से सत्ता की संकल्पना को संचित करने की योजना है।

**अतः अब समय आ गया है कि हम शिक्षा को राष्ट्रवाद की ऊर्जा दें, और इसे समाजवाद के दुराग्रह से मुक्त करें।**

विडंबना यह है कि शिक्षा के जो स्वयंभू प्रवक्ता आज पीडीए का पाठ पढ़ा रहे हैं, उनके ही शासनकाल (2012-2017) में उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालय उपेक्षा, भ्रष्टाचार और दुर्गति के जीते-जागते उदाहरण थे।

समाजवादी सरकार ने शिक्षा को न प्राथमिकता दी, न प्रतिष्ठा। सरकारी आंकड़े चीख-चीखकर बताते हैं कि उस काल में 64,000 से अधिक विद्यालयों में शौचालय, पीने का पानी और ब्लैकबोर्ड जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं थीं। 80,000 से अधिक शिक्षक पद रिक्त पड़े रहे, भर्तियां जातिगत जोड़-घटाव और चहेते समीकरणों पर टिकी रहीं। मिड डे मील योजना में दूध में पानी नहीं, पानी में दूध निकला और कभी-कभी उसमें छिपकलियां भी। कई विद्यालय चुनावी बैठकें और राजनीतिक प्रशिक्षण केंद्र बन गये। जो भवन शिक्षा के मंदिर थे, वहां न छात्रों की उपस्थिति थी, न संस्कारों की प्रतिष्ठा।

अब जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने पेयरिंग नीति लागू कर बिखरे हुए विद्यालयों को एकीकृत किया, शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की, और बच्चों को सशक्त शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में मिशन कायाकल्प के माध्यम से बुनियादी ढांचे में ऐतिहासिक सुधार किये, तब वही समाजवादी पार्टी इसे विद्यालय बंदी का नाम देकर राजनीतिक भ्रामकता का ब्रह्मास्त्र चला रही है। लेकिन तथ्य यही कहते हैं 1.38 लाख विद्यालयों में शौचालय, रंग-रोगन, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, फर्नीचर, और बाउंड्री वॉल जैसी आवश्यक सुविधाएं दी गयीं। बच्चों को ड्रेस, जूते, बैग आदि के लिए अब डीपीटी के माध्यम से धन दिया जा रहा है।

कहने का अर्थ यह है कि जब योगी सरकार स्कूलों को संस्कार की संवाहिका बना रही है, समाजवादी पार्टी उन्हें समीकरण की संधि भूमि बनाना चाहती है।

पीडीए पाठशाला दरअसल समाजवादी पार्टी की जातीय राजनीति का शैक्षिक संस्करण है। यह कोई प्रयोग नहीं, पीढ़ियों को पार्टी की परिधि में बांधने का प्रयास है। पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक इस तिकड़ी को एक कृत्रिम वर्ग के रूप में स्थापित कर बालकों को यह बोध देना कि वे एक उत्पीड़ित समुदाय से आते हैं और समाजवादी पार्टी ही उनका तारक है, एक वैचारिक वैचारिक विषवमन है। यह शिक्षण नहीं, शिकार है, बालबुद्धि के साथ भी, और संविधान की भावना के साथ भी।

यह योजना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21(ए) के स्पष्ट उल्लंघन के साथ-साथ यूएनसीआरसी जैसे अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार संधियों के भी प्रतिकूल है। ये संधियां बच्चों को राजनीतिक तटस्थता और स्वतंत्र बौद्धिक विकास का अधिकार देती हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी बच्चों को विवेक की जगह वंश का, राष्ट्र की जगह जाति का और विवेचना की जगह वैमनस्य का पाठ पढ़ा रही है।

पीडीए पाठशाला में "A for Awareness", "B for Bharat", "C for Constitution" नहीं है। वहां केवल "A for Akhilesh" है। यह कोई अनजाने में हुई भूल नहीं, यह सुनियोजित संकल्पनात्मक विलोपन है। इसमें राष्ट्र नहीं, केवल राग दरबारी है। राष्ट्रवाद का स्थान रिश्तावाद ने ले लिया है। यह विचार की हत्या है, और विचारधारा की हठधर्मिता का उत्सव।

ऐसे समय में जब भारत नयी शिक्षा नीति के माध्यम से वैज्ञानिक सोच, सांस्कृतिक गौरव तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में आगे बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को डिजिटल भविष्य की ओर ले जा रहे हैं, तब समाजवादी पार्टी जातीय अतीत के जाल में बच्चों को उलझा रही है। यह पीडीए नहीं, वोट बैंक का Vedic Destruction Agendaहै।

समाज को तय करना होगा कि क्या हम अपने बच्चों को बुद्धिमत्ता का ब्रह्मास्त्र देना चाहते हैं या वोटबैंक का बायोमैट्रिक? क्या हमारी पाठशालाएं ज्ञान, गौरव और गत्यात्मकता का केंद्र बनेंगी या गुटबंदी, गणना और गुमराही का मंच? क्या हम वर्णमाला में वंदे मातरम खोजेंगे या वोट दो मुलायम को?

पीडीए पाठशाला कोई शैक्षिक योजना नहीं, यह सामूहिक चेतना की चीरहरण योजना है। यह एक वैचारिक अपराध है, जो संविधान की भावना, सामाजिक समरसता और शिक्षा की गरिमा तीनों का अपमान है। यह पठन नहीं, प्रपंच है। यह अक्षर नहीं, एजेंडा है। यह विद्या नहीं, वोटवाद है। यह शिक्षा नहीं, सियासत की संकीर्णता है।

अतः अब समय आ गया है कि हम शिक्षा को राष्ट्रवाद की ऊर्जा दें, और इसे समाजवाद के दुराग्रह से मुक्त करें। हमें अपनी पाठशालाओं को फिर से गुरुकुल बनाना है। जहां ज्ञान हो, गरिमा हो, और गौरव हो। पीडीए जैसे षड्यंत्रों को उजागर करना केवल बौद्धिक जिम्मेदारी नहीं, राष्ट्र की रक्षा का दायित्व है। पीडीए का अर्थ अब स्पष्ट है पार्टी द्वारा डिजाइन किया गया अपहरण। इसे रोकिए, इससे पहले कि पीढ़ियां केवल पार्टी के लिए पढ़ने लगें और भारत को भूल जायें। यह मात्र बौद्धिक चेतना की पुकार नहीं, राष्ट्रचेतना की प्रार्थना है। अब यह संघर्ष केवल शब्दों का नहीं, संस्कारों का है और इस युद्ध में मौन अपराध है।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं ।)**

## कोल्हान की खबरें

# राज्य ने एक अभिभावक को खोया, इस युग में मिलना असंभव : रामचंद्र सहिस





**रांची/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने नेमरा स्थित उनके पैतृक गांव में गुरुजी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। रामचंद्र सहिस ने कहा शिबू सोरेन झारखंड के एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने आदिवासी समुदाय और गरीबों के हित में अपना जीवन समर्पित किया। उनका निधन राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। श्री सहिस ने कहा झांरखण्ड राज्य ने एक ऐसे अभिभावक को खो दिया जो इस युग में मिलना असंभव है। श्री सहिस ने आश्वस्त किया इस दुख की घड़ी में आजसू पार्टी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूरे परिवार के साथ खड़ी है।

# जदयू महिला मोर्चा की सावन महोत्सव, प्रभा देवी सावन क्वीन और पूजा महानंद नृत्य क्वीन बनी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिष्टुपुर परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर में जनता दल यू महिला मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष अमृता मिश्रा के नेतृत्व में भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया।मंगलवार को सावन महोत्सव में शामिल हुए मुख्य अतिथि जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर महिलाओं के लिए नृत्य, रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर सहित बच्चों के लिए विभिन्न खेल व प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। ज्यूरी में डीएसपी सह भारतीय मुक्केबाज अरुणा मिश्रा, नागपुरी अदाकारा प्रिया कैश और सामाजिक कार्यकर्ता मधु सिंह शामिल रही। परिणाम में प्रभा देवी सावन क्वीन और पूजा महानंद नृत्य क्वीन चुनी गईं।कार्यक्रम की सफलता में उषा यादव, ममता सिंह, महुआ चक्रवर्ती, सुष्मिता सरकार,रीना डे और सबिता ठाकुर की अहम भूमिका रही। मौके पर जदयू युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज सिंह उपस्थित रहे।

# जुगसलाई में डेंगू से तीन महिलाओं की मौत

## पीड़ित परिवारों से मिले संघ के प्रतिनिधि मंडल,सरकार से न्याय की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता









**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छोटा गोविंदपुर स्थित सेरेंगबेड़ा बस्ती में डेंगू के कहर से हालात बिगड़ते जा रही हैं। बीते एक माह में डेंगू की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत हो चुकी है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मृतकों में रॉकी लोहरा (23), पुतुल देवी (40) और रोमिला महतो (38) शामिल हैं।वही मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वे सरकार व जनप्रतिनिधियों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

मंगलवार को सूचना मिलने पर सामाजिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधि मंडल बस्ती का दौरा किया, जहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत ने कहा डेंगू से तीन महिलाओं की मौत बेहद गंभीर मामला है। सरकार को तत्काल पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने बताया स्थानीय ग्रामीणों से मिली सूचना के अनुसार बस्ती में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है।

श्री सामंत ने सिविल सर्जन और जमशेदपुर सीओ से तत्काल क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और फॉगिंग मशीन से धुआं करने की मांग की। मौके पर संघ के सदस्यों ने स्पष्ट किया जब तक डेंगू पर नियंत्रण नहीं होता और पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, उनका प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत, मुखिया शिवलाल लोहरा, महिला अध्यक्ष रूपम सिंह, सुलोचना लोहरा, छोटे सरदार, मनोज चौरसिया, ब्रिगू लोहरा, दुर्गा लोहरा, कोंडा मुखी, दीपक मछुआ, भगत लोहरा, रामधन लोहरा, रामू लोहरा सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधायक सरयू राय ने समस्याओं को लेकर डीसी के साथ की बैठक, एक माह में दूर करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम व जेएनएसी के उपनगर आयुक्त और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता के साथ बैठक की। मंगलवार को बैठक के दौरान विधायक ने मानगो में पेयजल,कचरा निस्तारण और जल निकासी की समस्या को एक माह में दूर करने का निर्देश दिये। बैठक में जेएनएसी क्षेत्र की बस्तियों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने और सिवरेज-ड्रेनेज सिस्टम को टाटा स्टील के नेटवर्क से जोड़ने के लिए नगर निगम और कंपनी के बीच शीघ्र संयुक्त बैठक कर सर्वे कराने का निर्देश भी दिये। बैठक में विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम और अक्षेस की गंभीर समस्याओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा प्रशासनिक शिथिलता इसकी मुख्य वजह है। उन्होंने कदमा व सोनारी में चल रहे अवैध लॉटरी, मटका, सट्टा, जुआ, लोहा टाल और शराब कारोबार की सूची डीसी को सौंपी और तत्काल रोक लगाने की मांग की। श्री राय ने आरोप लगाया एनजीटी की रोक के बावजूद कदमा में खरकई नदी से रोजाना अवैध बालू निकासी हो रही है। यह पुलिस की मिलीभगत के बिना संभव नहीं। मौके पर विधायक ने कदमा व सोनारी के सामुदायिक भवनों पर अवैध कब्जों की सूची भी दी। डीसी ने आश्वासन दिया सभी मामलों में कार्रवाई की जायेगी और पुलिस मिलीभगत की जांच का आदेश दिया गया। डीसी ने स्पष्ट किया मानगो पेयजल परियोजना को नगर निगम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से ग्रहण करे। इसे संचालित करने वाली एजेंसी के साथ बैठकर बकाया भुगतान और व्यय का प्राक्कलन तैयार किया जाये। साथ ही इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सभी टंकियों के पंप सेट और पाइपलाइन से संबंधित कमियों का प्रतिवेदन बनाकर दूर किया जाये। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने मानगो नगर निगम और जेएनएसी के उप नगर आयुक्त को एक माह के अंदर मानगो में पेयजल, कचरा निस्तारण और जल निकासी की समस्या दूर करने का आदेश दिया। उन्होंने पेयजल परियोजना को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से नगर निगम को ग्रहण करने, बकाया भुगतान और व्यय का प्राक्कलन तैयार करने, इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, टंकियों के पंप सेट खरीदने और पाइपलाइन की कमियां दूर करने का निर्देश दिया।

# इसरो के शैक्षणिक भ्रमण पर गयी छात्राओं ने देखी भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरें



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** इसरो, श्रीहरिकोटा के शैक्षणिक भ्रमण पर गई पूर्वी सिंहभूम जिले (जमशेदपुर) के सरकारी विद्यालयों की 28 छात्राओं के दल ने अपने भ्रमण के दूसरे दिन भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन किया एवं शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया। दल ने सर्वप्रथम मॉडल स्कूल, कोवालम, चेन्नई का भ्रमण किया। यहां छात्राओं ने विद्यालय की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय एवं विज्ञान शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं को नजदीक से देखा। छात्राओं ने वहां के विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर उनकी पढ़ाई, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और खेल-कूद में भागीदारी के बारे में जाना। विद्यालय प्रबंधन ने भी झारखंड से आई छात्राओं को स्थानीय शिक्षा पद्धति, नवाचार आधारित शिक्षण मॉडल और विज्ञान परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात छात्राओं ने स्टेट म्यूजियम तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) द्वारा संरक्षित महाबलीपुरम के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया, जिनमें महाबलीपुरम किला, म्यूजियम, महाबलीपुरम मंदिर एवं टाइगर केव शामिल थे। महाबलीपुरम का यह क्षेत्र यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रसिद्ध है. विशेष रूप से टाइगर केव एक शिलाचित्रित गुफा मंदिर है, जो प्राचीन पल्लव कालीन स्थापत्य एवं शिल्पकला का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। यहां छात्राओं ने दक्षिण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थापत्य कला एवं इतिहास से संबंधित रोचक जानकारियां प्राप्त कीं। जमशेदपुर के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण को लेकर कहा कि यह अवसर न केवल विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से परे वास्तविक अनुभव प्रदान करता है, बल्कि इतिहास, विज्ञान और संस्कृति के बीच गहरा संबंध भी स्थापित करता है। पूर्वी सिंहभूम जिले की छात्राओं का इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थान, उत्कृष्ट विद्यालय और महाबलीपुरम जैसे विश्व धरोहर स्थलों का अनुभव निश्चित ही उनके ज्ञान और दृष्टिकोण को समृद्ध करेगा।

# घाटशिला महाविद्यालय से घर-घर तिरंगा अभियान के तहत निकली रैली




**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत घाटशिला महाविद्यालय से रैली निकाली गई। प्राचार्य डॉ पीके गुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। रैली कॉलेज परिसर से होते हुए विभूति भवन तक गयी और वापस फिर कॉलेज में समाप्त हुई। एनसीसी इकाई के नेतृत्व में आयोजित रैली में कबड्डी टीम, शिक्षकगण सहित सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य ने तिरंगा फहराने के नियमों और सम्मान बनाए रखने पर बल दिया।

# घर-घर पानी पहुंचाये बगैर संवेदक ने निकाल ली सरकारी राशि, डीसी को ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत में जलमीनार अधिष्ठापन कार्य के बाद घर घर पानी पहुंचाये बगैर संवेदक द्वारा बड़े पैमाने पर सरकारी राशि निकासी किये जाने के मामले को लेकर पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने गढ़वा उपायुक्त को पत्र लिखकर मामले की जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है, कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग गढ़वा के देख रख में सरकार का महत्वाकांक्षी योजना के तहत मकरी पंचायत में 105 जलमीनार का अधिष्ठापन कार्य उपरांत हर घर को पीने का पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते संरक्षण प्राप्त संवेदक ने बगैर कार्य को पूर्ण कराये ही संबंधित कर्मी के मिलीभगत से सरकारी राशि की निकासी कर लिये जाने की सूचना मिली है। मुखिया सरिता देवी ने उपायुक्त से उक्त मामले की विस्तृत जांच कराकर इसमें संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई करते हुए इस अधूरे अति महत्वाकांक्षी योजना को जनहित में पूर्ण कराने की मांग की है।

## एसपीडी कॉलेज एनएसएस ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा मंगलवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हिमांशु भूषण जारूहार की उपस्थिति में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कमलेश सिन्हा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर महाविद्यालय के एनएसएस एवं एन सी सी तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर लोगों से स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की गई। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने हाथों में तिरंगा लेकर रैली निकाली। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. निकलेश चौबे, प्रो. डॉ. उमेश सहाय, डॉ. सत्यदेव पांडेय, डॉ. संजीव मिश्रा, डॉ. चंद्र कुमार, प्रो. धीरेंद्र मिश्रा, अखिलेश तिवारी, अभिषेक सिंह समेंत छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों को अग्निकांड से बचाव की दी गयी जानकारी



मेराल (आजाद सिपाही)। अग्निशमन विभाग गढ़वा द्वारा मंगलवार को प्लस टू उच्च विद्यालय मेराल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाना तथा एसडी मेमोरियल स्कूल में मॉक ड्रिल कर बच्चों अग्निकांड की स्थिति में राहत व बचाव कार्यों की जानकारी दी गयी। यहां अग्निशमन अधिकारी मंटू सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को आग लगने की स्थिति में बचाव के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गयी। वहीं आग का वर्गीकरण कर किस आग पर कौन सा अग्निशमन उपकरण का प्रयोग किया जाता है उसके बारे में बताया गया। इसके बाद स्कूल परिसर में कृत्रिम आग लगाकर छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ को प्राथमिक अग्निशमन उपकरण चलने का प्रशिक्षण दिया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर मेराल प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर 9:05 बजे होगा ध्वजारोहण

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी प्रारंभ हो गयी है। प्रभारी बीडीओ सह सीओ यशवंत नायक ने सोमवार को अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विचार विमर्श के बाद प्रखंड मुख्यालय के सरकारी कार्यालयों में होने वाले सामूहिक झंडोतोलन को लेकर समय निर्धारित किया गया। जिसमें प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर 9.05 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। वहीं थाना कार्यालय पर 9.30 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 9.50 बजे, मेराल पूर्वी पंचायत सचिवालय पर 10.05 बजे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड परिसर में 10.15 बजे, पशुपालन कार्यालय पर 10.25 बजे, प्लस टू उच्च विद्यालय में 10.35 बजे तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 10.55 बजे झंडा फहराया जायेगा। प्रखंड नाजिर सुनील कुमार के अनुसार झंडोतोलन का समय निर्धारित कर सभी लोगों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## रारो में 8:35 से 10:45 तक 18 जगह ध्वजारोहण

डंडई (आजाद सिपाही)। स्वतंत्रता दिवस पर रारो पंचायत क्षेत्र में 18 स्थानों पर तय समय पर ध्वजारोहण होगा। मुखिया सुनीता देवी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, पहला ध्वजारोहण 8:35 बजे नव प्राथमिक विद्यालय भोलादामर में और अंतिम 10:45 बजे पंचायत भवन में होगा। सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों में समयबद्ध तरीके से तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और कर्मियों को सौंपी गयी है।

# डोभा में डूबने से नौ वर्षीय बच्चे की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल ।** थाना मुख्यालय में रेलवे पश्चिमी क्रॉसिंग के पास डोभा में नहा रहे 9 वर्षीय बच्चा रितेश मुसहर पिता प्रमोद मुसहर का गहरे पानी में डूब जाने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रितेश डोभा में नहाने के लिए गया था, लेकिन पानी गहरा था और रितेश को तैरने नहीं आता था, जिसके कारण वह बाहर नहीं निकल सका। जब तक वहां लोग पहुंच पाते रितेश का शव पानी के ऊपर आ गया, जिसे आसपास के लोगों ने बाहर निकाला। जानकारी मिलने पर मेराल थाना के एएसआई सुमेर तिवारी पुलिस बल के साथ पहुंच कर पंचनामा के बाद अंत्य परीक्षण के लिए शव को गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।



मौके पर पहुंचे पूर्व जीप सदस्य वीरेंद्र प्रसाद ने घटना पर दुख जताते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर सीओ ने सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# डायरिया से आक्रांत टोला में पहुंचकर स्वास्थ्य टीम ने स्थिति का जायजा लिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बुका पंचायत अंतर्गत तिकोनिया टोला में फैली डायरिया जैसी बीमारी के तीसरे दिन गढ़वा जिला चिकित्सक टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। टीम का नेतृत्व जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. संतोष मिश्रा कर रहे थे। जिन्होंने अपने दल के साथ घर-घर जाकर पीड़ितों की स्वास्थ्य जांच की और बीमारी के प्रसार के कारणों को समझने का प्रयास किया। निरीक्षण के पश्चात डॉ. मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया टोला में फैली गंदगी और दूषित पेयजल के कारण अधिकांश लोग इस बीमारी की चपेट में आये हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छ जल की उपलब्धता और साफ-सफाई की कमी इस संक्रमण का मुख्य कारण प्रतीत होता है।



इस गंभीर परिस्थिति की जानकारी संबंधित पंचायत की मुखिया बेबी देवी को भी दी गयी, ताकि पंचायत स्तर पर तुरंत स्वच्छता अभियान चलाया जा सके और प्रभावित परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मुखिया को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि गांव में पेयजल के स्त्रोतों की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और नालियों की सफाई जैसे कार्य तत्काल शुरू किये जाएं।

चिकित्सक दल ने ग्रामीणों को डायरिया और अन्य जलजनित बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, जिन लोगों में बीमारी के लक्षण दिखाई दें, उन्हें तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज के लिए पहुंचने की सलाह दी गयी। टीम ने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी करेगा और आवश्यक दवाएं व उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराता रहेगा, ताकि जल्द से जल्द स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके। इस मौके पर जिला की डीडीएम सुनील कुमार भवनाथपुर बीडीएम अनुज कुमार शामिल थे।

# कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक करें : प्रमुख दीपमाला कुमारी

**भीड़-भाड़ वाला मेराल बस स्टैंड पर दो कांस्टेबल नियुक्त कराने का प्रस्ताव पारित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पूर्व के बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी ली गयी, साथ ही सभी विभागों की बारी बारी से समीक्षा की गयी। अंचल निरीक्षक जॉनसन गिद्दी द्वारा मोटेशन, तथा थाना दिवस पर विवादों के निपटारा सहित कई अन्य जानकारी दी गयी। आपूर्ति विभाग के समीक्षा में बताया गया कि राशन पूर्व की भांति दिया जा रहा है। ग्रीन कार्ड धारी को राशन नहीं मिलने की शिकायत



पर बताया गया कि जुलाई और अगस्त दो माह का राशन अगस्त में ही दिया जायेगा। प्रभारी कृषि पदाधिकारी द्वारा बीज वितरण की जानकारी दी गयी। जिस पर सदस्यों द्वारा लाभुक सूची उपलब्ध कराने की मांग की। अबुआ आवास में राशि प्राप्त नहीं होने की जानकारी दिया गया। वन विभाग द्वारा जंगली जानवरों से फसल नुकसान के लिए फॉर्म भरकर विभाग में जमा करने पर मुआवजा मिलने की जानकारी दी गयी। सदस्यों द्वारा कई किसानों का मुआवजा भुगतान नहीं होने का मामला उठाया गया, जिस पर बताया गया कि सरकार से आवंटन की मांग की गयी है राशि मिलते ही भुगतान किया जायेगा। बैठक में उप प्रमुख निजामुद्दीन खां, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी दिलीप कुमार रजक, बीटीएम प्रवीण मिश्रा, प्रखंड नाजिर सुनील कुमार, सहायक रिजवान अख्तर सहित सभी विभाग के प्रतिनिधि एवं पंचायत समिति सदस्य शामिल थे।

# उपायुक्त ने नयी शराब नीति के तहत प्रगति पर विस्तृत चर्चा की, निरीक्षण के सख्त निर्देश दिये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में उत्पाद विभाग द्वारा क्रियान्वित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विशेष रूप से नयी शराब नीति के तहत किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक के दौरान उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार ने जानकारी दी कि गढ़वा जिले में कुल 18 श्रेणियों (कैटेगरी) में से 06 श्रेणियों के लिए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि शेष श्रेणियों के आवेदन प्रक्रिया में हैं। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त 2025 को ऑनलाइन माध्यम से टोकन प्रक्रिया संपन्न की जायेगी।



उपायुक्त श्री यादव ने जिले में संचालित शराब दुकानों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में शराब दुकानों की नियमित जांच करें और गलत कार्यों में लिप्त दुकानों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाये। बैठक में उपायुक्त श्री यादव के साथ अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी नगर ऊंटरी प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन गढ़वा ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित दर पर ही शराब क्रय करें एवं किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर प्रशासन को तुरंत सूचित करें।

# श्रीमद्‌भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्रेत योनि में भटक रही आत्मा को मिलती है मुक्ति : कथावाचक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रयागराज से पधारे कथावाचक जगदगुरू रामानुजाचार्य श्री मुक्तिनाथ स्वामीजी महाराज ने गोकर्ण और उनके भाई धुंधकारी का हृदयस्पर्शी प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कथा श्रवण मात्र से प्रेत योनि में भटक रही आत्मा को भी मुक्ति मिल जाती है, जैसे धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिल गयी।

स्वामी जी श्रीराधावंशीधर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के द्वितीय दिवस



प्रवचन कर रहे थे।

उन्होंने गोकर्ण और धुंधकारी प्रसंग की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि धुंधकारी ने सांसारिक भोग विलास और पापकर्मों में जीवन नष्ट कर दिया था। परिणामस्वरूप अकाल मृत्यु के बाद वह प्रेत योनि में भटकने लगा और असहनीय यातनाएं भोगने लगा।

भाई की पीड़ा देखकर महात्मा गोकर्ण ने उसे मुक्ति दिलाने का निश्चय किया। उन्होंने सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया। कथा के दौरान वातावरण भक्ति और भावनाओं से सराबोर रहा। सातवें दिन जैसे ही कथा का विश्राम हुआ, ठीक उसी समय धुंधकारी का प्रेत रूप दिव्य प्रकाश में विलीन हो गया और उसे परमधाम की प्राप्ति हुई।

# मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांडी।** थाना पुलिस ने मारपीट एवं छेड़छाड़ के एक मामले में कार्रवाई करते हुए मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी थाना प्रभारी विद्यासागर प्रसाद ने बताया कि वादी वीरेंद्र कुमार रवि, निवासी ग्राम खुटहेरिया द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 85/25 के तहत मामला दर्ज किया गया। आवेदन में कहा गया है कि 11 अगस्त की रात लगभग 8 बजे अभिमन्यु कुमार सिंह (पिता गोपाल सिंह, निवासी खुटहेरिया, थाना कांडी) एवं प्रिंस कुमार सिंह (पिता दशरथ सिंह, निवासी पचपोखरी, थाना हैदरनगर, जिला पलामू) दारू के नशे में जान मारने की नीयत से घर में घुस आए और लाठी-डंडा एवं हाथ में पहने कड़ा से सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया।

आरोप है कि दोनों ने घर की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया तथा जान से मारने की धमकी दी।



पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## फरार 8 आरोपियों के घर पुलिस ने ढोल बाजा के साथ चिपकाया इश्तेहार



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव में मंगलवार को थाना पुलिस द्वारा विगत एक वर्ष से फरार चल रहे आठ आरोपियों के घर पर ढोल बाजा के साथ इश्तिहार चिपकाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत तथा सी दिनेश मुंडा ने बताया कि थाना कांड संख्या 94/2024 के तहत सोहबरिया गांव निवासी महेंद्र चौधरी पिता लखन चौधरी, देवेंद्र चौधरी पिता शंभू चौधरी, पप्पू चौधरी पिता कपिल देव चौधरी, संतोष गुप्ता पिता मुखलाल गुप्ता, अजीत कुमार चौधरी पिता लाल जी चौधरी, श्यामलाल चौधरी पिता केश्वर चौधरी, महेश चौधरी पिता बंगाला चौधरी तथा रमेश चौधरी पिता सरजू चौधरी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। कोर्ट के आदेशानुसार इश्तहार चिपकाने की कार्रवाई की गयी है।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग वीक का उद्घाटन

# परिसर में रैगिंग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी : कुलपति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नयी दिल्ली के निदेशानुसार बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के गुरुपदसंभव सभागार में एंटी रैगिंग वीक का उदघाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह और विभिन्न कॉलेज एवं विभाग के प्राचार्य एवं संकायाध्यक्ष ने सम्मलित रूप से किया। 12 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर छात्रों को रैगिंग के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है। रैगिंग के संबध में विश्वविद्यालय स्तर पर एक विस्तृत निवारक निति, निगरानी और स्पष्ट संवाद हो ताकि विश्वविद्यालय परिसर में रैगिंग



मुक्त वातावरण हो। छात्रों के समक्ष यदि कोई घटना घटती हो, तो भयमुक्त होकर विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत गोपनीय नंबर पर सूचना दें, जिसमें विश्वविद्यालय के लिए स्पष्ट निति, संवाद, एंटी रैगिंग समिति और दस्ते, जागरूकता वर्कशॉप, एवं कैंटीन का औचक निरिक्षण, काउंसलिंग एवं सहायता के लिए एक गोपनीय ईमेल और मोबाइल नंबर की उपलब्ध की गयी है। परिसर में रैगिंग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। रैगिंग के खिलाफ सख्त कानून हैं।

उक्त कार्यक्रम के विभिन्न कॉलेज एवं विभाग के छात्र छात्राओं के साथ-साथ संकायाध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं उपस्थित हुए जिसमे डॉ बसवराज कल्लाली, डॉ मनीष दुबे, डॉ पंकज कुमार, डॉ सुनीता गुप्ता, दिव्या तिरु, डॉ पीडी तिवारी शामिल हुए क कार्यक्रम का मंच संचालन इंजिनियर एंड टेक्नोलॉजी विभाग के शिक्षक सुयश श्री राजवंश ने किया और धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अजय भूषण प्रसाद ने किया और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में इंडिया स्पेस वीक- 2025 का शुभारंभ



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में इंडिया स्पेस वीक-2025 का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष इंडिया स्पेस वीक-2025 का मुख्य थीम अंतरिक्ष शिक्षा एवं नवाचार है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने कहा कि विज्ञान दुनिया को बदल रहा है, बल्कि हमारे देश के भविष्य को भी नयी दिशा दे रहा है। अंतरिक्ष शिक्षा का उद्देश्य केवल खगोलशास्त्र पढ़ाना नहीं है, बल्कि युवाओं में वैज्ञानिक सोच, समस्या समाधान की क्षमता और अनुसंधान की जिज्ञासा पैदा करना है। आज हमारे स्कूल और विश्वविद्यालय, इसरो और अन्य संस्थाओं के सहयोग से विद्यार्थियों को उपग्रह डिजाइन, रॉकेट प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष मिशनों की जानकारी दे रहे हैं। नवाचार वह चाबी है जो नये द्वार खोलती है। ड्रोन तकनीक, उपग्रह आधारित संचार, मौसम पूवार्नुमान, जीपीएस जीपीएस और आपदा प्रबंधन ये सभी अंतरिक्ष नवाचार के उपहार हैं। अब समय है कि हम छात्र-छात्रायें भी केवल उपभोक्ता न बनें, बल्कि इस क्रांति के सृजनकर्ता बनें। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेज एवं विभाग के छात्र छात्राओं के साथ-साथ संकायाध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित हुए कविश्वविद्यालय की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अजय भूषण प्रसाद देख रेख में संपन्न हुआ।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी।**

(खेल शाखा)

(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)

प्रेस विज्ञप्ति

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य, निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 435 दिनांक 11.08.2025 के आलोक में खूँटी जिलान्तर्गत पूर्व खिलाड़ियों के मासिक पेंशन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है जिसकी अंतिम तिथि 14.08.2025 है पूर्व खिलाड़ियों से संबंधित जानकारी एवं अर्हत्ता निम्नलिखित है :–

1. राज्य के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त खिलाडी., अर्जुन आवार्ड प्राप्त खिलाडी, द्रोणाचार्य आवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ध्यानचंद आवार्ड प्राप्त खिलाडी., ओलम्पिक गेम्स/पैरालम्पिक गेम्स में पदक विजेता खिलाडी., ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाडी, कोमन वेल्थ खेल/एशियन गेम्स विश्व कप/वि चैम्पियनशिप(दो वर्ष या इससे अधिक के अन्तराल पर आयोजित)/पैरा एशियन गेम्स/सैफ गेम्स/राष्ट्रीय खेल के पदक विजेता/ओलम्पिक गेम्स में शामिल खेल विधाओं में राष्ट्रीय खेल में भाग ले चुके वैसे खिलाडी, जो अब व्ययहारिक तौर पर खेल में नहीं है।
2. झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हो एवं वह कम से कम 40(चालीस) वर्ष की आयु का हो,(आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष तक की छूट दी जा सकती है वशर्ते खिलाड़ी अचानक किसी चोट या शारीरिक विकलांगता या गम्भीर बीमारी के द्वारा अक्षम हो गया हो एवं इसके परिणामस्वरूप सक्रिय खेलों से समय से पहले दूर हो गये हो।
3. ऐसे पूर्व खिलाड़ी पेंशन के हकदार नहीं होगें जो भारत सरकार/राज्य सरकार/पी०एस०यू० आदि में स्थायी संविदा अथवा अस्थायी रूप से कार्यरत हो।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी
खूँटी।

PR 359430 District(25-26)D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



## जन समस्या का समाधान जल्द किया जायेगा: डीसी



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी और अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। जन शिकायत निवारण में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, बिजली बिल त्रुटिकरण, रोजगार, धोखेबाजी करने से संबंधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में जिला कल्याण पदाधिकारी के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रखंड के बी आर सी भवन के सामने विभाग द्वारा साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय कृत मध्य विद्यालय कैरो, मध्य विद्यालय चाल्हो, गुड़ी, नरौली, गजनी, नगजुआ विद्यालय के कक्षा आठवीं के कुल 285 छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया जिसकी शुरुआत सांसद सुखदेव भगत के प्रखंड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी और कैरो पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी के द्वारा संयुक्त रूप से छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण कर की गयी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने को लेकर सरकार के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए अनेको योजना सरकार द्वारा संचालित किया गया पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी ने कही कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही छात्रवृति, मध्याह्न भोजन, नि:शुल्क कॉपी किताब, पोषक, बैग वितरण साथ ही साथ छात्राओं के लिए सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री मेघावी छात्रवृति योजना, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय आदि अनेको योजनाए है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को साइकिल दी जा रही है ताकी आप समय पर स्कूल आये और अच्छे से पढ़ाई करे और जीवन मे सफलता प्राप्त करें। मौके पर मंडल अध्यक्ष महताब आलम, मो अख्तर, बी पी ओ प्रकाश रंजन, प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष खाखा आदि उपस्थित थे।

## ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में विश्व हाथी दिवस पर विशेष कार्यक्रम




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रियाडा के पीछे स्थित, लोपामुद्रा एजुकेशनल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व हाथी दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापिका, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुबह कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने सामूहिक प्रार्थना कर प्रकृति और वन्यजीवों की रक्षा का संकल्प लिया। इसके बाद शिक्षकों ने बच्चों को हाथियों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि हाथी न केवल भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं, बल्कि जंगलों के संरक्षक और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन के लिए भी अत्यंत जरूरी हैं। विद्यालय परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। बच्चों ने रंग-बिरंगे पोस्टर और पेंटिंग्स के माध्यम से हाथियों के संरक्षण का संदेश दिया। ह्लहाथी बचाओ झ्र प्रकृति बचाओह्व थीम पर लघु नाटकों का मंचन किया गया, जिसमें हाथियों पर बढ़ते खतरों, अवैध शिकार, हाथीदांत की तस्करी और उनके प्राकृतिक आवास के विनाश जैसे मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। बच्चों के जोशीले नारों और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हाथी हमारे देश की शान हैं और हमें मिलकर इनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षिक और जागरूकता कार्यक्रम बच्चों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं और उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। प्रधानाध्यापिका ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने आस-पास के पर्यावरण और वन्यजीवों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने वन्यजीव संरक्षण हमारा कर्तव्य है का संकल्प लिया और यह प्रतिज्ञा की कि वे अपने जीवन में कभी भी वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने वाले कार्यों का हिस्सा नहीं बनेंगे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर हाथियों सहित सभी वन्यजीवों की रक्षा और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने का वचन दिया।

## एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्त पोषित कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह लोहरदगा संचालित विकास भारती बिशनपुर में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम के द्वारा लोहरदगा रांची लातेहार आदि जिलों के तकरीबन 43 गांव के ग्रामीणों का चिकित्सा जांच किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में हड्डी जोड़ नस रोग विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ विजय प्रसाद एमडी फिजिशियन डॉक्टर शिव शंकर मुंडा जेनरल फिजिशियन डा0 बी मांझी, डॉ पी पी सिन्हा आंख रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजू कुमारी गुप्ता के द्वारा मरीजों का चिकित्सीय जांच एवं परामर्श दिया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में नस और हड्डी रोग के 56 आंख रोग के 35 दंत रोग के 08 सामान्य बीमारी के 78 बुखार के 30 कुल 189 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें 17 मरीजों का एक्स-रे सिकल सेल एनीमिया टेस्ट 13 ,22 मरीज का 57 पैथोलॉजिकल टेस्ट किया गया। सभी मरीजों को निशुल्क औषधि वितरण भी किया गया। मेगा हेल्थ सिविल को संपन्न करने में प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू, जमुना देवी, शिवम राय, अरुण राम, वरुण सिंह, अंशु कुमारी, सीमा कुमारी, सावित्री कुमारी, अनीता देवी, फारूक अंसारी, लक्ष्मी देवी, सुखमय कुंडू आदि का योगदान रहा।

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने किया लोहरदगा का भ्रमण

# मामलों को अंचल स्तर से ही त्वरित निष्पादित करें: डीसी

**'हाथियों द्वारा मृत्यु और मकान क्षति, फसल क्षति आदि की समीक्षा की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में परिसदन, लोहरदगा में जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता का निर्धारण हेतु जिले में संपन्न डोर-टू-डोर सर्वे से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा और जांच, लोहरदगा जिला में पिछड़े वर्गों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति के अध्ययन और पिछड़े वर्गों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। बैठक में पिछड़े वर्ग के नागरिकों के जाति, आवासीय और नन क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गयी जिसमें नियम के पालन करते हुए नन-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया। जमीन मोटेशन के लंबित मामलों को अंचल स्तर से ही त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। हाथियों द्वारा मृत्यु व मकान क्षति, फसल क्षति आदि की समीक्षा की गयी जिसमें मकान क्षति व फसल क्षति में अंचल और वन विभाग के द्वारा संयुक्त जांच कर प्रभावित व्यक्ति को अधिकतम लाभ प्रदान किये जाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार आग लगने से फसल की क्षति का भी सही आकलन करा कर अधिकतम मुआवजा दिलाये जाने का निर्देश दिया गया। सर्पदंश से मृत्यु, आपदा से मकान क्षति, फसल क्षति पर मिलनेवाली मुआवजा राशि की जानकारी भी ग्रामीणों तक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में इस वर्ष कल्याण विभाग की ओर से पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच छात्रवृति राशि का वितरण, साइकिल वितरण की समीक्षा की गयी। साइकिल का वितरण विद्यालय प्रांगण में ही कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला में अवस्थित आवासीय विद्यालयों का नियमित रूप से औचक निरीक्षण किये जाने का निर्देश दिया गया। जिला पशुपालन पदाधिकारी को पशु विकास की योजनाओं का लाभ नियमित रूप से ग्रामीणों को दिलाये जाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गव्य विकास की योजनाओं की भी समीक्षा की गयी व आवश्यक निर्देश दिये गये।

मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा को पंचायत स्तर पर मत्स्य उत्पादन समितियों का गठन करने का निर्देश दिया गया और लंबित मछुआ आवासों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा कूप संवर्द्धन योजना की समीक्षा की गयी और फलदार पौधों की आपूर्ति के समय पौधों की गुणवत्ता का ध्यान रखे जाने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। श्रम अधीक्षक को प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर श्रमिकों का निबंधन शिविर आयोजित करा कर किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, श्रमिकों के निबंधन की महत्ता की जानकारी इस शिविर में दिये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य नंदकिशोर मेहता, सदस्य नरेश वर्मा, सदस्य लक्ष्मण यादव, निजी सहायक दिनेश त्रिवेदी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला पशुपालन पदाधिकारी रमेश उरांव, जिला गव्य विकास पदाधिकारी वशिष्ठ सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, नगर प्रशासक मुक्ति किड़ो, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## दहेज हत्याकांड के तीन आरोपियों को उम्रकैद

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार अपर जिला और सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने दहेज हत्याकांड के तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाया है। अभियोजन के अनुसार हेरहंज ग्राम निवासी मुकेश गुप्ता पर दहेज के लिए अपनी पत्नी अंजू देवी की हत्या गत 31 मार्च 20 को करने का आरोप था। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 12 गवाहों को अदालत में पेश किया गया, जबकि बचाव पक्ष की ओर से कुल दो गवाहों को पेश किया। प्राथमिकी के अनुसार अंजू देवी की शादी 28 अप्रैल 2018 को हेरहंज ग्राम निवासी मुकेश गुप्ता के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही आठ लाख रुपये नगद और चारपहिया वाहन की मांग ससुराल वालों के द्वारा किया जा रहा था। अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत दहेज लोलुप पति मुकेश गुप्ता, ससुर शंभू प्रसाद गुप्ता और सास गायत्री देवी को भादवि कांड संख्या34/21 की धारा 304 बी, 34 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाया है।

## स्कूली बच्चों को मिली साइकिल

**प्रतापपुर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बामी गांव में स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बामी में आज स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की अध्यक्ष कांति देवी ने की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। साइकिल वितरण का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को मदद करना है, जिन्हें स्कूल आने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। साइकिल मिल जाने से अब इन बच्चों का समय बचेगा।

## सीआरपीएफ की 11 वीं बटालियन ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

**लातेहार(आजाद सिपाही)।** लातेहार सीआरपीएफ की 11 वीं बटालियन द्वारा कमांडेंट याद राम बुनकर के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे लातेहार शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा की शुरूआत किनामांड़ कैंप प्रांगण से की गयी। जो मेन रोड और विभिन्न चौक चौराहों होते हुए थाना चौक तक गयी। पुनः मेन रोड होते हुए ब्लॉक स्थित कैंप कार्यालय पहुंचकर समाप्त हो गयी। इस दौरान राष्ट्र भक्ति म्यूजिक और भारत माता की जय से पूरा शहर राष्ट्र भक्ति से सराबोर हो गया। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी पदाधिकारी और सीआरपीएफ जवान हाथों में तिरंगा लिए आगे बढ़ रहे थे। जो आकर्षण का केंद्र रहा। मौके प पर कमांडेंट याद राम बुनकर ने तिरंगा यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मौके पर बड़ी संख्या में जवान शामिल थे।

## चाचा की मार से गंभीर भतीजे की इलाज के दौरान हुई मौत, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के बहेराटांड़ मुहल्ले में एक चाचा की पीटायी से घायल भतीजे की मौत रांची रिम्स में इलाज के दौरान हो गयी। पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि चाचा मंटू भुईयां व भतीजा विपिन भुइयां के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी थी। बात मारपीट तक पहुंच गयी। इसी दौरान चाचा ने भतीजा को लाठी और डंडों से जम कर पिटाई कर दी।

इस मारपीट में भतीजा विपिन भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल बिपिन भुईयां को ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। यहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक इलाज कर रांची रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजन उसका शव ले कर लातेहार पहुंचे और इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलले पर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो पुलिस जवानों के साथ बहेराटांड़ पहुंचे और मामले की जांच की। थाना प्रभारी ने बताया कि चाचा ने भतीजा को लाठी डंडे से पिटायी कर दी थी। इलाज के दौरान भतीजे की मौत हो गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चाचा मंटू भुईयां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो पर बुरा हाल है।

## लोहरदगा में भाजपा की हर घर तिरंगा यात्रा, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने दी महापुरुषों को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। बीजेपी युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के नेतृत्व में यह यात्रा ललित नारायण स्टेडियम से शुरू होकर बरवाटोली चौक, ईस्ट गोला रोड, महावीर चौक, गुदरी बाजार, सोमवार बाजार, अमला टोली, पावर गंज होते हुए न्यू रोड तक निकाली गयी। मार्ग में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुदर्शन भगत मौजूद थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुदर्शन भगत ने कहा कि तिरंगा यात्रा देशभक्ति का संदेश देने का माध्यम है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगों में जोश और उत्साह है, और पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना के ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व ने देशवासियों का हौसला और बढ़ाया है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम विजय उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह देश की सैन्य शक्ति और कुशल नेतृत्व का प्रतीक है, साथ ही हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सैनिकों के सम्मान में और देश के गौरव के लिए तिरंगा लहराये। यात्रा में मंजूरमति विद्यालय के छात्र तिरंगा झंडा लेकर शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद, ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, विनोद राय, नवीन कुमार टिंकू, बालकृष्ण सिंह, अनिल उरांव, सरिता देवी, अजय कुमार पंकज, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, पशुपतिनाथ पारस, जगनंदन पौराणिक, मिथुन तमेड़ा, लक्ष्मी नारायण भगत, सुरेश लोहरा, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, अशोक चंद्र घोष, विपुल तमेड़ा, विश्वजीत भारती, रामकुमार खेरवार, राजकुमार मुंडा, विवेक चौहान, बाल्मीकि कुमार, सजल कुमार, प्रवीण कुमार, अमरेश भारती, सरस्वती देवी, सचिन सिंघानिया, कृष्ण मोदी, टीपू खान, सरजू साहू, आदित्य कुमार, बृजनंदन गोप, मयंक ठाकुर, प्रवीण ठाकुर, पवन कुमार, अनुभव कुमार, सचिन कुमार सिंह, गौरव अग्रवाल, प्रवीण साहू, राज कुमार, नीरज साहू, अजय कुमार, राहुल कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए।

## बारिश में गिरा गरीब का आशियाना



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मे पिछले दिनों हुई बारिश से एक गरीब का मकान ढह गया। जिससे उसका पूरा परिवार बेघर हो गया। इधर मकान गिरने से पूर्व परिवार के सदस्य घर से बाहर निकल गये वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मामला गडरपो पंचायत के धनामुंजी गांव की है। जहां चरवा उरांव पिता तेजूवा उरांव अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ मिट्टी के घर में था। उसने बताया कि पिछले दिनों हुई तेज बारिश से घर का दीवार गिरने लगा। हमलोगों किसी तरह घर से बाहर निकले। घर गिर जाने से हमलोगों के रहने का कोई ठिकाना नहीं रहा। इस संदर्भ में स्थानीय मुखिया सुमित उरांव ने कहा कि चरवा उरांव का ना ही अबुवा आवास और ना ही प्रधानमंत्री आवास की सूची में नाम है। जिसके कारण आवास आवंटन नहीं हो सका। नये सर्वे मे चरवा उरांव का नाम जोड़ कर अगले वित्त वर्ष आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। साथ ही आपदा प्रबंधन बिभाग से क्षतिग्रस्त घर का मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

## बाजारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रौनक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर उत्साह चरम पर है। मंदिरों में रोशनी और फूल-मालाओं से सजावट का काम तेजी से चल रहा है, वहीं बाजारों में चहल-पहल बढ़ गयी है। सड़कों पर पूजन सामग्री, माखन-मिश्री, झूले, पालने, बांसुरी और मोर पंख बेचने वाले दुकानें सजी हैं। सजावट के लिए रंग-बिरंगी झालरें, एलइडी लाइटें, कृत्रिम फूल और झांकी के लिए आकर्षक बैकग्राउंड की खूब मांग है। बच्चों के लिए राधा-कृष्ण की रंग-बिरंगी पोशाकें, मुकुट, कान के कुंडल, हार और बांसुरी खरीदने वालों की भीड़ दुकानों पर देखी जा रही है। खासकर छोटे बच्चों के लिए तैयार की गयी आकर्षक राधा-कृष्ण ड्रेस और आभूषण इस बार खरीदारों को खूब लुभा रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक, इस बार सजावट और वेशभूषा के नये-नये डिजाइन बाजार में आए हैं, जिससे ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है।

## हर घर तिरंगा को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह: सचिन कुमार




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा आज विभिन्न बूथ पर तिरंगा वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। जिसमें हर घर तिरंगा के अभियान को लेकर यह कार्यक्रम नगर के सभी जगह में तिरंगा वितरण किया जायेगा। सक्रिय सदस्य विजय खत्री ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो प्रत्येक बुथो में तिरंगा वितरण किया जा रहा है वह बहुत सराहनीय कार्य है। मौके पर उपस्थित, विजय खत्री, सत्यम कुमार, चंदन गोप, गोविंद नायक, राखी कुमारी, कंचन देवी, पायल नायक, गीता देवी, उर्मिला देवी, संध्या देवी, कमला देवी, अनीता देवी, कविता देवी, मुकेश नायक, निकेश नायक, सुमित्रा देवी, चंदन नायक, सनी नायक, अमन नायक, सत्यजीत नायक, लकी नायक, शुभम नायक, निखिल नायक, गंगा नायक, आकाश नायक, चाहत कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## सेन्हा में तिरंगा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा में भारत सरकार के सौजन्य से पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता के तहत हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज दूसरे चरण में देश प्रेम को समर्पित तिरंगा यात्रा और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रओं द्वारा हाथ मे राष्ट्रीय ध्वज लेकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा, मेराज अंसारी, डॉ.बैजयंती उरांव, उम्मे हबीबी, रंजू साहु सहित अन्य अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। वहीं प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने कहा कि तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। प्रत्येक नागरिक में देश प्रेम की भावना का संचार करना है। अपने देश के प्रति मान सम्मान व श्रद्धा ही ईश्वर आराधना का माध्यम है। अपने देश के प्रति प्रेम ही इंसान को उत्कृष्ट बनाता है। उन्होंने पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र को अपने विद्यालय में राष्ट्र प्रेम का अलख जगाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। वहीं इस कार्यक्रम के अवसर पर जिला स्पोर्ट्स एसोसिएशन के कलाकारों द्वारा कई आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य के साथ-साथ, मेराज अंसारी, डॉक्टर वैजयंती उरांव, चांदनी शहदेव, रंजू साहू, नरेश चंद्र महतो, शिव शंकर साहू, उम्मे हबीबी सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## पोस्ट ऑफिस से निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के मुख्य डाक कार्यालय से मंगलवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भव्य जागरूकता तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह रैली अरेया ब्रांच के पोस्ट मास्टर राधेश्याम प्रजापति के नेतृत्व में बंदे मातरम नारे के साथ यात्रा साइडिंग बस स्टैंड होते हुये बाबा मठ कोर्ट रोड पहुंची और पुन: तिरंगा यात्रा पोस्ट ऑफिस लौट कर्मचारी अपने अपने कार्यों में लग गये। वहीं पोस्टमास्टर रामशरण साहू ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा को लेकर पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय ध्वज सभी के लिए 25 रुपये में उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति उनके डाक कार्यालय से खरीद सकते है। मौके पर डाक सहायक चितरंजन महतो, अनूप टोप्पो, उत्तम तिग्गा, अनुज राम, नूतन राम, रिया गुप्ता, कौशलेंद्र कुमार, विपिन पाल, कौशल भारती, राजीव वर्मा, रचना कुमारी, बिहारी राम, संतोष सिंह, इकबाल अंसारी आदि मौजूद थे।

## गुरुजी का गांव नेमरा बना आस्था का तीर्थ: अविनाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य, युवा झामुमो नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय सुदामा पंडित 90 के दशक से अंतिम सांस तक झामुमो से जुड़े रहे। उस समय वे छोटे थे। तब सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं का उनके घर पर लगातार आना-जाना रहता था। रात तक मां लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाती थीं, क्योंकि तब गैस प्रचलन में नहीं था, और सुबह-सवेरे पिता क्षेत्र में निकल जाते थे। अविनाश देव ने बताया कि उस समय वे दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष को पूरी तरह नहीं समझते थे। पर उनके पिता हमेशा बड़े आदर से गुरुजी का उल्लेख करते थे। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद ही गुरुजी के व्यक्तित्व और संघर्ष का असली अर्थ समझ आया। झामुमो में शामिल होने के बाद गुरुजी से मिलने और आशीर्वाद लेने का अवसर मिला। गुरुजी ने उनके माथे पर हाथ रखकर कहा था कि तुम बहुत आगे बढ़ोगे, जिससे उनके भीतर सिहरन दौड़ गई। कहा कि गुरुजी के अस्वस्थ होने की खबर से वे बेहद दुखी हुए और 28 जून को हवाई मार्ग से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में जाकर उनसे मुलाकात की। पर चार अगस्त को वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। पांच अगस्त को विधानसभा में श्रद्धांजलि और अंतिम यात्रा का दृश्य अद्वितीय था। बरसात के बीच पहाड़ों से घिरे नेमरा गांव में हजारों लोग मौजूद थे। अविनाश देव ने बताया कि 11 अगस्त को भी नेमरा में भारी भीड़ रही। जगह-जगह बैरिकेड, चार हेलीपैड, चपरासी से लेकर आला अधिकारी तक, संथाल, कोल्हान, पलामू, छोटानागपुर से महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांग और नौजवान, सभी गुरुजी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पार्किंग दूर थी, लोग ई-रिक्शा से आ रहे थे, मानो नेमरा में कुंभ का मेला लग गया हो। कहा कि गुरुजी को पेड़ा बेहद पसंद था और वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह कर चुके हैं कि एक दिन इसे गुरुजी के नाम समर्पित किया जाए। कहा कि नेमरा अब गंगासागर, मक्का-मदीना, ननकाना साहिब और रोम की तरह तीर्थ बन चुका है, जहां गुरुजी के अनुयायी वर्ष में एक बार अवश्य आएंगे।

## केंद्रीय रेल मंत्री से मिले पलामू सांसद

**बरवाडीह-चिरमिरी-गया एवं रफीगंज-इमामगंज-डालटनगंज नयी रेल लाईन के संबंध में सौंपा ज्ञापन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू क्षेत्र के दो लंबित महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं क्रमशः बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर एवं गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन से संबंधित विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। सांसद ने कहा कि साल 2014 से ही दोनों महत्वपूर्ण लंबित रेल परियोजनाओं को पूर्ण कराने को लेकर प्रयासरत हूं। पलामू संसदीय क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर नई रेलवे लाइन का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय। यह महत्वपूर्ण परियोजना झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी। जबकि गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन परियोजना का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय। यह परियोजना स्वीकृत है, लेकिन कम प्राथमिकता के कारण रुकी हुई है। इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण होने से न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। सांसद ने बताया कि रेल मंत्री ने दोनों रेल परियोजनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में निर्माण कार्य प्रारंभ करने का भरोसा दिया है।

### जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक हुई

## मिलावट के खिलाफ औचक छापामारी करते रहें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को डीसी कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) की बैठक हुई। जिसमें नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की। इस दौरान डीसी ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को समय-समय पर खाद्य पदार्थों में मादक पदार्थों के मिलावट को लेकर औचक छापामारी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के रोकथाम को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। वहीं, एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि इन दिनों छोटे रेलवे स्टेशन के जरिये भी नशीले पदार्थों का परिवहन होने की सूचना है। उन्होंने आरपीएफ के प्रतिनिधि को छोटे रेलवे स्टेशनों पर भी सक्रियता के साथ जांच करने पर बल दिया। डीसी ने सीएस से डीएडिक्शन सेंटर के अद्यतन स्थिति पर भी जानकारी ली। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, तीनों एसडीएओ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा एवं कृषि विभाग के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।



नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक में शामिल डीसी समीरा एस एवं अन्य।

## कुलाधिपति ने दवा खाकर बच्चों को किया प्रेरित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर सीएचसी की ओर से नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी परिसर में मंगलवार को फ्लेरिया शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने खुद भी आईडीए की दवा खाकर छात्रा-छात्राओं को दवा खाने के लिये प्रेरित किया। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि फ्लेरिया जैसी जानलेवा बीमारी से बचने के लिये हर हाल में नियमित दवा का सेवन करना होगा। शिविर में आरसीयू के लगभग सभी छात्र-छात्राओं ने दवा का सेवन किया। इस मौके पर इदरीस हवाई, इसरार हवारी, बबन राम, सुनील कुमार चौधरी, विजय कुमार रवि, दामोदर यादव, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा की तिरंगा यात्रा आज



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा बुधवार को विश्रामपुर में तिरंगा यात्रा निकालेगी। जिसकी शुरूआत विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर से होगा। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह 10.30 बजे यात्रा की शुरूआत पंचमुखी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद की जायेगी। बैठक में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, इदरीश हवारी, पूर्व पार्षद सुनील चौधरी, दामोदर यादव आदि मौजूद थे।

## गांव का विकास पंचायत स्तर के बेहतर कार्यों से ही संभव होगा : प्रखंड प्रमुख



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को पंचायती राज विभाग की पहल पर एक दिवसीय पंचायत उन्नति सूचकांक (पाई) विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा और पंचायत प्रतिनिधियों आदि ने किया। मास्टर ट्रेनर अनूप कुमार ने पंचायत स्तर पर गरीबी मुक्त एवं बेहतर आजीविका, स्वस्थ्य पंचायत, बाल अनुकूल पंचायत, जल प्राप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत सहित अन्य विषयों पर सरकार के सभी विकास कार्य और योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। पंचायतवार आंकड़े भी दिये। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करनेवाले पंचायत के मुखिया एवं उनके कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। बीडीओ ने कहा कि पंचायत स्तर पर सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं उनकी निगरानी की जिम्मेवारी मुखिया पर होती है। पंचायत को बेहतर बनाने में सबसे अग्रिम भूमिका पंचायत के मुखिया एवं उनकी टीम की होती है। यहीं से बदलाव शुरू होता है। वहीं, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि गांव का विकास पंचायत स्तर के बेहतर कार्यों से ही संभव है। इस मौके पर एमओ मनोज कुमार, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, अशोक चौधरी, सरिता कुमारी,ममता कुमारी,श्रवण राम,नरेश पासवान, लाल सिंह, डब्ल्यू सिंह, कनीय अभियंता धर्मेंद्र कुमार, पंचायत सेवक शशिकांत, आदि मौजूद थे।

## संत तुलसीदास कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम आयोजित, गांवों तक गया तिरंगा





**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला संत तुलसीदास डिग्री महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कॉलेज परिसर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा प्राचार्य कृष्ण कुमार चौबे के नेतृत्व में कॉलेज परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जो बगल के कई गांवों तक पहुंचा, जहां ग्रामीणों को इसके उद्देश्यों के बारे बताया गया। प्राचार्य केके चौबे ने सभी स्वयंसेवकों को तिरंगा अभियान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए सभी स्वयंसेवकों व महाविद्यालय छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शुक्ला ने किया। मौके पर महाविद्यालय के दर्जनों स्वयंसेवकों के साथ-साथ शिक्षकगण व कर्मचारीगण मौजूद थे।

## 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता' को लेकर बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत कार्यालय सभागार में मंगलवार को 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता' अभियान को लेकर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला द्व अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें 13-15 अगस्त के बीच प्रत्येक घर पर कॉटन या खादी का तिरंगा फहराने, प्लास्टिक तिरंगे का उपयोग न करने और तिरंगे का सम्मान बनाए रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही शहर के सभी मुहल्लों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने और जागरूकता रैलियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कनीय अभियंता अभियंता अभिजीत दुबे, सुधांशु तिवारी, अजीत गुप्ता, विक्रम सिंह, रंजीत सिंह, शिवशंकर, आशीष सिंह और अन्य कर्मचारी और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### डीडीसी की अध्यक्षता में पंचायत उन्नति सूचकांक को लेकर कार्यशाला आयोजित

## पंचायत के विकास से ही जिले एवं राज्य का विकास संभव : पियूष सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार मंगलवार को डीडीसी पियूष सिन्हा की अध्यक्षता में शिल्पग्राम ऑडिटोरियम सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान डीडीसी ने पंचायत उन्नति सूचकांक पुस्तक का विमोचन किया। कहा कि पंचायत के विकास से ही जिले एवं राज्य का विकास संभव है। यह सूचकांक पंचायतों के प्रदर्शन का आकलन कर सही दिशा में सुधारात्मक कदम उठाने का माध्यम है। उन्होंने मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। साथ ही पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य द्वारा किये जा रहे कर्यों का सही और अद्यतन डेटा उपलब्ध कराने एवं उसे नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज करने को कहा। उन्होंने आगामी पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 की तैयारी में सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। डीडीसी ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक विकास की दिशा तय करने का सशक्त साधन है। सरकारी आंकड़े और डेटा से ही यह संभव है कि किस क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है और कहां सुधार की आवश्यकता है। इस अवसर पर विभिन्न पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों एवं मुखिया को सम्मानित किया गया, इनमें जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणवीर कुमार सिंह, बीडीओ सारवां, बीडीओ सारठ और बीडीओ करौं के अलावा सारवां प्रखंड अंतर्गत सारवां, करौं प्रखंड के बधनाडीह एवं सारठ प्रखण्ड के बाभनगामा पंचायत के मुखियाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में देवघर एवं सोनारायठाड़ी प्रखण्ड को पुरस्कृत किया गया। जबकि सात ग्राम पंचायतों (संग्रामलोढ़िया, लखोरिया, दोंदिया, खिजुरिया, मारगोमुण्डा, पिपरा एवं सधरिया) के मुखिया को सराहणीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायत उन्नति सूचकांक की अवधारणा, विभिन्न सूचकांक क्षेत्रों, आंकड़ों की प्रविष्टि एवं सत्यापन प्रक्रिया, जिले के प्रदर्शन, स्वस्थ एवं सुशासित पंचायत, बेस्ट परफॉर्मिंग पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। पंचायती राज पदाधिकारी रणवीर कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने पंचायत स्तर पर किये जा रहे कार्यों को पोर्टल पर दर्ज करने पर बल दिया, जिससे राज्य स्तर पर उपलब्धियां दर्ज हो सकें। इस मौके पर अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, सभी प्रखण्डों के बीडीओ और मुखिया आदि उपस्थित थे।





## देवघर के सौरभ और रजनी केसरी होंगे स्वतंत्रता दिवस समारोह के विशेष अतिथि

**भारत सरकार ने भेजा आमंत्रण, औषधीय पौधों की खेती के क्षेत्र में काम कर रहे केसरी दंपत्ति**



**देवघर (आजाद सिपाही)।** शहर के पुरनदाहा निवासी सौरभ केसरी और उनकी पत्नी रजनी केसरी 15 अगस्त को दिल्ली के लालकिला में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भारत सरकार ने केसरी दंपति को इसका आमंत्रण पत्र भी भेज दिया है। सौरभ केसरी और उनका परिवार पिछले 100 वर्ष से अधिक समय से औषधीय पौधों के क्षेत्र में काम कर रहे और आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्यति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी आधार पर केसरी दंपत्ति का स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में चयन हुआ है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड की ओर से राज्य के कुल पांच लोगों का चयन स्वतंत्रता दिवस समारोह के विशेष अतिथि (स्पेशल गेस्ट) के रूप में हुआ है, जिसमें सौरभ केसरी और उनकी पत्नी रजनी केसरी के नाम भी शामिल हैं। केसरी दंपत्ति का कहना है कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से भेजा गया आमंत्रण पूरे परिवार, समाज और देवघर के लिए गौरव की बात है। बता दें कि सौरभ और उनका परिवार विगत कई वर्षों से नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रो में कालमेघ, कौंच, वन तुलसा जैसे औषधीय पौधे, फसल, बीजों की खेती और विपणन के प्रति किसानों को जागरूक कर रहे हैं।

### औषधीय पौधे, फसल, बीज की खेती को बढ़ावा दे रहे सौरभ

सौरभ और उनका परिवार करीब 112 वर्षों से अपने और नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कालमेघ, कौंच, वन तुलसा आदि औषधीय पौधे, फसल, बीजों की खेती और विपणन के प्रति किसानों को जागरूक कर रहे हैं। ताकि किसानों की आमदनी बढ़े एवं झारखंड से पलायन रूके। आयुर्वेद औषधीय पौधे, फसल, बीज एवं पारंपरिक चिकित्सा और उनसे जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने के समर्पित कार्यो के सम्मान स्वरुप उन्हें स्वतंत्रता दिवस समारोह में नई दिल्ली के लाल किले में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होने का गौरव प्राप्त हो रहा है।

## प्रोफेसर करुणाकर महाराज को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**देवघर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं एएस कॉलेज के हिंन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष करुणाकर महाराज के निधन की सूचना पाकर देवघर जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय, पूर्व जिलाध्यक्ष जीवन प्रकाश एवं जिला महासचिव विवेक मिश्रा आदि उनके देवघर स्थित उनके आवास इंद्रा नगर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। इश दौरान नम आंखों से विदाई देते हुए उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झंडा अर्पित किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने कहा कि प्रो करुणाकर महाराज कांग्रेस के सच्चे सिपाही के रूप में आजीवन सेवा करते रहे। उनका इस तरह अचानक जाना पार्टी खासकर मेरे लिए भी एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। इस मौके पर देवघर जिला कांग्रेस के जिला महासचिव सह प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, प्रदेश नेता सतिश पाल मुंजनी, प्रदेश सचिव शबाना खातून, अवधेश प्रजापति, नागेश्वर सिंह, फैयाज केशर, दुमका जिलाध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी, कुमार राज आदि ने शोक प्रकट किया।

## भादो मेला में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा सूचना जनसंपर्क विभाग



**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि राजकीय श्रावणी मेला 2025 के सफल संचालन के बाद भादो मेला को लेकर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए नेहरू पार्क प्रवेश द्वार, सुविधा केंद्र बाबा मंदिर, शिवगंगा गोलघर, बीएड कॉलेज, तिवारी चौक एवं जलसार चिल्ड्रेन पार्क में छह सूचना केंद्र बनाये गये हैं, ताकि बिछड़े हुए श्रद्धालुओं से त्वरित संपर्क कर उनके परिजनों से मिलाया जा सके। इसके अलावा मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सूचना एवं सहायता के लिए निम्न सूचना केंद्रों के माध्यम से बिछड़े श्रद्धालुओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से अबतक 225 से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया जा चुका हैं।

## डढ़वा नदी पुल के नीचे अवैध बालू निकासी जारी



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिले के कोरियासा से रोहिणी मार्ग पर स्थित डढ़वा नदी पुल के नीचे अवैध बालू निकासी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सुबह और देर रात के समय चोरी-छिपे नदी से बालू निकाला जा रहा है, जिसे ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों के जरिए बाहर ले जाया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि से नदी के प्राकृतिक बहाव में रुकावट आ रही है। किनारों का कटाव तेज हो गया है, जिससे आसपास की उपजाऊ जमीन को भी नुकसान पहुंच रहा है। लगातार बालू निकासी के कारण नदी की गहराई असमान हो रही है और जलधारा कमजोर पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह सिलसिला यूं ही जारी रहा तो डढ़वा नदी का स्वरूप पूरी तरह बदल सकता है। इससे न केवल नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध बालू निकासी पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


**Govt. of Jharkhand**
**Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**

Tender reference no.: 10/JREDA/SPP/PAL/25-26 Dated: 11.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Request for Proposal (RFP) for Design, Engineering, Procurement & Supply, Construction, Commissioning and Comprehensive Operation & Maintenance of Cumulative 09 MW (AC) Grid Connected Ground Mounted Solar Power Plant, for a period of 25 years on Government Land at Palamu District of Jharkhand. |
| 2 | Estimated Cost | Rs. 92.97 Crores (inclusive of GST) |
| 3 | Time of completion | 12 (Twelve) Months |
| 4 | Date of publication of NIT on website: http://jharkhandtenders.gov.in | 18.08.2025 (Monday) |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | 25.08.2025 (Monday)at 1.00 P.M. |
| 6 | Last date & time for receipt of online bids | 10.09.2025 (Wednesday)up to 05:00 PM |
| 7 | Submission of Bid fee and EMD through Online Via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders. | 10.09.2025 (Wednesday)up to 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening Date | 12.09.2025 (Friday) at 3.00 P.M. |
| 9 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 10 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491167/68/61/7903935514 |
| 11 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491167/68/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com.
Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

Sd/-
Director,
JREDA, Ranchi

PR 359401 Energy(25-26).D

# नाबालिग को भगाने के आरोपी पर पिता ने प्राथमिक दर्ज करायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के कोटामाटी ग्राम निवासी जावेद खान ने घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर भगाने व यौन शोषण की आशंका व्यक्त करते हुए प्राथमिक की दर्ज कराया है। अपने आवेदन में जावेद ने कहा है कि उसकी पुत्री लगभग 15 वर्षीय जिसे गांव के ही अबरान खान बीते सोमवार को सुबह 9 बजे लेकर भाग गया है। बच्ची स्कूल गयी है ऐसा सोचकर परिजन निश्चित थे। जब शाम हो गयी और बच्ची घर नहीं आयी तो काफी खोजबीन किया गया, जिसके बाद भी कोई पता नहीं चला। मंगलवार को अबरान की मां घर आई और कही की तुम्हारी बेटी को मेरा बेटा लेकर भाग गया है, हम लोग उसे गाड़ी बैठा कर आये हैं। जावेद ने यह भी कहा कि मेरी बेटी को स्कूल जाने के क्रम में बहला फुसला कर भगा लिया गया है। भागने में अबरान के पिता सुल्तान खान, भाई अफान खान, इमरान खान व मां मीना बीबी का हाथ है। साथ ही उसने गंभीर आशंका व्यक्त किया है कि उसकी पुत्री के साथ शारीरिक शोषण यौन उत्पीड़न या बलात्कार जैसी घटना हो सकती है। उसने यह भी बताया कि जब उसकी पुत्री को वापस लाने की बात कहने पर अफान खान व इमरान खान द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गयी। उसने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द खोजबीन का गुहार लगाया है।

## घर से डेढ़ लाख नकद समेत जेवरात की चोरी, अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के एरोड्राम धोधरा निवासी अक्षय कुमार साहू ने गुमला थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वो अपने पूरे परिवार के साथ नौ अगस्त की सुबह 11 बजे ईटकिरी रक्षा बंधन त्यौहार मनाने के लिए गया हुआ था। जिसके बाद वो 11 अगस्त की शाम बजे अपना घर आया तो देखा की घर में रखा सारा समान बिखरा पड़ा हुआ है। जहां समान मिलाने पर पता चला कि घर में रखा हुआ डेढ़ लाख रुपये नकद, सोना का झुमका, चैन, अंगूठी, चांदी का सिक्का गायब है। इस संबंध में उन्होंने अज्ञात चोरों पर कार्रवाई करते हुए अपने समान की बरामदगी का मांग किया है।

## मोबाइल और स्कूटी की छिनतई, अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के बसुआ निवासी भरत साहू ने स्कूटी व मोबाइन छिनतई के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि 11 अगस्त की शाम छह बजे वो अपने स्कूटी से गुमला की ओर से अपने गांव जा रहा था। इसी बीच रास्ता में एक आदमी ने उसे हाथ दिया वह रूक गया और धमकाते हुए उससे उसका मोबाइल व स्कूटी छिन कर गुमला की ओर भाग गया। जिसके बाद भुक्तभोगी ने गुमला थाना पहुंच कर मामला दर्ज करवाया।

## केमटोली और बंबियारी में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रदान संस्था द्वारा केमटोली में आज एक महत्वपूर्ण स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण युवतियों को रोजगार से जुड़ने के लिए प्रशिक्षण दिया गया साथ ही कार्यक्रम में स्वच्छता प्रशिक्षण, मासिक धर्म स्वच्छता, रोजगारपरक प्रशिक्षण, योग पर विशेष तौर से जानकारी प्रदान कर स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवन जीने के लिए उन्हें अपने जीवन मे आत्मसात करने की बात कही गयी। कार्यक्रम में प्रदान संस्था के प्रतिमा, बिविशन, सीता, शिवचरण और केमताटोली के ग्रामीण और बम्बियारी स्कूल के अध्यापिका ऊषा कुमारी के साथ स्कूल के छात्र और ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की और अपने विचार साझा किये।

## जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, बीडीओ सुलेमान मुंडरी एवं अंचलाधिकारी शेखर वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जहां काफी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में 13 मामले आये थे, जिसमें 8 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, वहीं पांच मामला प्रक्रिया है जिसका जल्द ही समाधान किया जायेगा।

## बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में मनरेगा योजना में 100 दिन रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर कई दिशा निर्देश दिया साथ ही बीडीओ ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में पांच-पांच योजना को शुरू करें। जिसमें महिलाओं की भागीदारी अधिक हो। इसके साथ ही अबुवा आवास योजना को जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही पीएम जनमन योजना के कार्यों में तेजी लाने की बात कही। साथ ही कहा की कार्यों में कोई भी कर्मी कोताही ना बरते। ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर बीपीओ बेबी कुमारी सहित कई कर्मी मुखिया पंचायत सेवक उपस्थित थे।

# एशिया फुटबॉल कप विजेता टीम की खिलाड़ी विकसित बाड़ा का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारतीय अंडर 20 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी (एशिया फुटबॉल कप) में जीत हासिल करने के बाद गुमला लौटने पर खिलाड़ी विकसित बाड़ा का गुमला में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंगलवार की अपराह्न 4 बजे लोगों ने पटेल चौक के समीप उसे माला पहना कर स्वागत किया। बताते चलें कि विकसित बाड़ा मूल रूप से सिमडेगा के कोलेबिरा की रहने वाली हैं और वह वर्तमान में राज्य सरकार के आवासीय खेल केंद्र गुमला के प्रशिक्षण ले रही हैं। कोच वीणा केरकेट्टा ने बताया कि भारतीय अंडर 20 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी के लिए क्वालिफाई कर लिया है। जिसमें झारखंड की तीन बेटियों ने हिस्सा लिया था। इन खिलाड़ियों के द्वारा दो से 10 अगस्त तक म्यांमार में होनेवाली अंडर 20 एएफसी कप क्वालिफाई किया। वहीं खिलाड़ी विकसित बाड़ा ने कहा कि अभी एएफसी कप में जीत हासिल हुई है। अप्रैल 2026 में थाईलैंड में होने वाली एएफसी महिला एशियाई कप में हिस्सा लेना है। जिसके लिए हमें जी तोड़ मेहनत कर यह कप जीत कर पूरे भारत व झारखंड का नाम रोशन करना है।

# सिसई में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिसई।** रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा एवं भाजपा मंडल सिसई के द्वारा संयुक्त रूप से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाला। यात्रा का शुभारंभ कुदरा जीता पतरा सिसई से भारत माता की जय, वंदे मातरम की जयघोष के साथ किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, भाजपा सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी यादव मंडल महामंत्री लाल राय भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष ओज जयसवाल शामिल हुए। जुलूस जीता पतरा से मेन रोड, प्रखंड मुख्यालय, बसिया रोड, थाना रोड होते हुए शहीद कैप्टन स्व लोहरा उरांव चौक तक गया। जुलूस के दौरान विद्या मंदिर के बच्चे भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर शहीद जवान अमर रहे जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। वहीं पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा एवं सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने स्व लोहरा उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तदोपरांत जुलूस वापस जीता पतरा पहुंचा जहां विद्यालय के बच्चों सहित सभी लोगों को जलपान कराया गया और जुलूस का समापन किया गया। तिरंगा यात्रा में रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा, आचार्य कमल सिंह, नाथू भगत, मृत्युंजय मिश्रा सभी छात्र छात्राएं एवं भाजपा सिसई मंडल के अमन यादव, छोटेलाल ताम्रकर, मुकेश ताम्रकर, निरंजन सिंह, योग गुरु घनश्याम आर्य, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

## तिरंगा यात्रा के तहत निकाली बाईक रैली



कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कामडारा के भाजपा प्रखंड अध्यक्ष नरेश सिंह के नेतृत्व पर तिरंगा यात्रा के तहत निकाली बाईक रैली। यह रैली प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम मैदान से कामडारा मिशन चौक होते हुये बाकुटोली और पोकला गेट तक निकाली गयी। वहीं प्रखंड अध्यक्ष नरेश सिंह ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा के मद्देनजर यह बाइक रैली निकाली गयी। इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बड़ाईक तारकेश्वर सिंह, रामजीत साहु, बहादुर ओहदार, विजय साहु, संतोष साहु, कामेश्वर सिंह, पवन साहु, विनायक दास, दलभंजन सिंह, राजकिशोर साहु, अनिरुद्ध ठाकुर, हरिहर, जगेश्वर सिंह, रामसुदन, अमित कुमार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल हुये।

## कांग्रेस नेता सह समाजसेवी मुख्तार आलम की पहल पर चलाया गया टीवी मुक्त अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मंगलवार को टीवी मुक्त भारत अभियान गुमला के समाजसेवी मुख्तार आलम के सहयोग से इस्लामिया फैजेआम मदरसा एवं अबुहुरैरा मदरसा सिसई रोड गुमला में यक्ष्मा जागरूकता सह स्क्रीनिंग कार्यक्रम रखा गया।

मुख्तार आलम ने कहा कि गुमला उपायुक्त महोदया के द्वारा दिनांक 15-7.2025 को टीवी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया हैं। पूरे झारखंड राज्य में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, प्रखंड व पंचायत में सहिया के द्वारा घर-घर जाकर इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दे सर्वेक्षण के माध्यम से संभावित टीबी रोगी खोज की जा रही है। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह है कि 2030 तक टीवी मुक्त भारत बनाया जाये। इस कार्यक्रम में मदरसा के सभी बच्चे शामिल हुए, शांतिपूर्वक सभी जानकारी बच्चों ने सुना और समझा, और उन्हें स्वास्थ्य की अन्य जानकारी भी दी गयी। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी गुमला डॉक्टर के के मिश्रा के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम सुचारु रूप से चल रहा है। टीवी विभाग के पदाधिकारी हरिशंकर मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, मदरसे के संचालक मौलाना रशेदुल कादरी, मोहम्मद अनवारउल हक, मो कारी सुहैब, लुसी बेक एवं अंजना साहू उपस्थित थे।

# संसद से पारित और नियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध एक्ट 2019 राज्य में जल्द लागू हो: विजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमुख नेताओं को लेकर मंच के नेता गोंयदो महतो की अध्यक्षता में हुई ऑनलाइन बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि जमाकर्ताओ की भुगतान सुनिश्चित करने तथा कंपनियों पर कार्रवाई करने के लिए संसद से पारित अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध एक्ट 2019 झारखंड में जल्द लागू होना चाहिए। ताकि सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, बेड़ो बैंक, पल्स, वेलफेयर, विश्वामित्र, बारिश, इत्यादि दर्जनों-दर्जन ननबैंकिंग कंपनियों में झारखंड के मेहनत के पैसे जमा करने वाले जमाकर्ताओं की भुगतान सुनिश्चित हो सके। श्री सिंह ने मंच के नेताओं से कहा है कि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में पैसा जमा करने वाले जमाकताओं को संगठित करें तभी केंद्र व राज्य सरकार पर दबाव बनेगा, क्योंकि कंपनी व सरकार तथा जिम्मेवार लोग सभी भुगतान करने के मामले में चुप हैं। ऐसी स्थिति में जमाकर्ता भी चुप रहेंगे तो मेहनत के जमा पैसे मिलना असंभव है। बैठक को मंच के वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित करते हुए कहा है कि मेहनत के जमा पैसे जल्द भुगतान नहीं हुई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में गुमला सहित दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिला मुख्यालय में सितंबर माह से भुगतान की मांग को लेकर कार्यक्रम शुरू करने, प्रमंडल के प्रखंडों में जाकर जमाकताओं को एकजुट करने तथा ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट व झारखंड नवनिर्माण दल के बैनर तले शहीद भगत सिंह जयंती 28 सितंबर 2025 को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कैडर कन्वेंशन में भाग लेकर भुगतान संबंधी मांगों को भी जोरदार ढंग से उठाने के अलावा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये हैं। बैठक में मांगा उरांव, मोहम्मद इस्लाम, प्रेमचंद तिग्गा, बसंत बड़ाईक, सुखदेव सिंह प्रभु मिंज, देव कुमार काशी, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बारिश के पानी से घर बना तालाब, मिट्टी की दीवार गिरा, बाल-बाल बचे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** प्रखंड के सुपा टू निवासी आदिवासी महिला मंगरी उराईन, पति बिचु पहान का लगातार हो रहे भारी बारिश के कारण घर तालाब बन गया। जिससे घर में रखें 15 बोरी धान भींग कर खराब हो गया, और मिट्टी का दीवार भारभराकर गिर गया, जिससे रूम में रखा अलमारी, बक्सा ,पलंग टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया हैं और अन्य सभी समान मिट्टी में दब गए हैं। मंगरी उराईन का परिवार मजदूरी और मौसमी खेती करते हैं। और अब तक उन्हें पक्का आवास योजना का लाभ भी नहीं मिला है। पीड़ित परिवार ने बताया कि बचा हुआ दीवाल को बस का बली लगाकर टेका गया हैं। परिवार के कुछ लोग पास में बने धूमकुड़िया में और दूसरे का घर में रात बिताते हैं। मिट्टी के घर में नौ सदस्यीय परिवार रहते हैं। जिसमें मंगरी उराईन, पति बिचू पहान, पुत्र प्रदीप उरांव, दीपक उरांव, पुत्री रीमा कुमारी, बहु होलिका कुमारी, पोती पिंकी कुमारी,निकी कुमारी, निकिता कुमारी शामिल हैं।

पीड़ित परिवार ने प्रखंड और जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# नये खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने संभाला कार्यभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के नव पदस्थ पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कार्यभार संभाला। मंगलवार को निवर्तमान जिला खाद्य प्रति पदाधिकारी प्रीति किसकू ने प्रदीप भगत को कार्यभार सौंपा। दोनों पदाधिकारियों ने एक दूसरे को कार्यालय के प्रपत्र का आदान-प्रदान किया और शुभकामनाएं देते हुए एक दूसरे से विदा हुए। इस अवसर पर श्री भगत ने बताया कि पीटीवीजी ग्रामों में खाद आपूर्ति सुचारू रूप से और नियम संगत हो, इसके लिए उनका पहला प्रयास रहेगा। कार्यों में प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद तक खाद्य आपूर्ति करना उनका दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क नहीं पहुंचा है वहां के लोगों को खाद्य आपूर्ति में दिक्कत हो रही है। उसके लिए उपायुक्त से बातचीत कर उन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्किंग सिस्टम को सुचारू करने की पहल होगी। मौके पर डीलर संघ के पदाधिकारियों सहित कई लोग शामिल थे।


**उप विकास आयुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(प्रारंभिक शिक्षा)**

**आवश्यक सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनाक 31.07.2025 एवं उप निदेशक प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रॉची के पत्रांक 1192 दिनांक 08.08.2025 में दिये गये निदेशानुसार विज्ञापन संख्या–13/2023 झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 अन्तर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य(**भाषा शिक्षक**) के सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हेतु तिथि दिनांक 19.08.2025 समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक स्थान **पी०एम० श्री० परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा** निर्धारित की गई है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि/स्थान–**पी०एम० श्री० परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा में जाँच पत्रक भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति फोल्डर फाईल में तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो (ब्लैक एंड व्हाईट) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। विस्तृत जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट koderma.nic.in प्राप्त की जा सकती है।** काउंसिलिंग में निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का दावा निरस्त माना जाएगा और वे नियुक्ति की प्रक्रिया से वंचित रह जाएँगे।

कोडरमा जिले के अंतर्गत अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु गठित हेल्प डेस्क में संलग्न मोबाईल संख्या **7004139394**, 9304636202 एवं 9934180305 से संपर्क कर सकते है।

उप विकास आयुक्त
–सह–
नोडल पदाधिकारी,कोडरमा

PR 359451 (School Education and Literacy)25-26*D



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची**

**कार्यालय–आदेश**
**(काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं समय)**

झारखण्ड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञापन सं० 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा– 2023 के आधार पर सहायक आचार्य संवर्ग अंतर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) भाषा के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों (संख्या कुल 111) की जिला स्तरीय काउंसिलिंग की तिथि दिनांक 19.08.2025 स्थान समाहरणालय भवन, ए.ब्लॉक. कमरा संख्या G-14, G-15 निर्धारित की गयी है। झारखण्ड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञापन सं० 13/2023 के आलोक में विभाग द्वारा प्राप्त सफल घोषित एवं अनुशंसित कुल 111 अभ्यर्थियों की सूची एवं जाँच–पत्रक, दिशा–निर्देश एवं शेडयूल आवश्यक कार्यार्थ संलग्न है, जो जिले के अधिकारिक बेबसाईट www.ranchi.nic.in एवं कार्यालय के वेबसाईट www.dseranchi.com पर भी उपलब्ध है।

सभी सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि संलग्न जाँच–पत्रक को सही–सही भरकर काउंसिलिंग की तिथि एवं निर्धारित समय पर अपने सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक मूल प्रमाण–पत्र सहित (02 प्रति) में स्वः अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। मूल शैक्षणिक/ प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं स्वः अभिप्रमाणित छायाप्रति जाँच पत्रक के क्रम विन्यास के अनुसार 02 फोल्डर में संधारित करते हुए काउसिंलिग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। फोल्डर के ऊपरी भाग में साफ–साफ बड़े अक्षरों में सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का नाम, पिता का नाम, क्रमांक, कोटि एवं विषय आवश्यक रूप से अंकित करेंगे। इस संबंध में सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों को उनके वाट्सएप्प/एस.एम.एस एवं ई.मेल के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से भी सूचित किया गया है।

**निर्धारित शेडयूल निम्नवत है :**

| क्र० | सफल घोषित एवं अनुषंसित अभ्यर्थियों का क्रमांक | विषय | काउंसिलिंग की तिथि | समय | स्थान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 से 50 | भाषा | 19.08.2025 | 10:00 से | कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची के समाहरणालय भवन, ए.ब्लॉक. कमरा संख्या G-14, G-15 | |
| 2 | 51 से 111 | | | 02:30 से | | |

उक्त काउंसिलिंग कार्य उपायुक्त, राँची द्वारा मनोनीत नोडल पदाधिकारी, श्री सुदर्शन मुर्मू अपर समाहर्ता (नक्सल) राँची जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची एवं जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची के निगरानी में संपन्न किया जायेगा।

उक्त आदेश पर उपायुक्त, राँची का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक,राँची

PR 359448 (Human Resource Developement)25-26*D


# जन शिकायत निवारण दिवस पर कई मामलों का तत्काल हुआ समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष, गुमला में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस जन संवाद कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने भाग लिया और अपनी व्यथा, समस्याएं एवं आवश्यकताओं को उप विकास आयुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण दिवस में नागरिकों की समस्याएं राशन, आवास, स्वास्थ्य, नगर निकाय व्यवस्था, सड़क निर्माण, नशा मुक्ति, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि विषयों से जुड़ी थीं, जिनमें कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों पर त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई के निर्देश दिये गये।

कच्ची सड़क एवं बिजली के खंभे लगाने हेतु चांडाली स्थित इंद्रटांड़ मोहल्ले के नागरिकों ने की शिकायत चांडाली, इंद्रटांड़ मोहल्ला के निवासियों ने मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस में आकर अपनी समस्या उप विकास आयुक्त के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में कच्ची सड़क है। जिसके कारण बारिश के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाई होती है। साथ ही मोहल्ले में बिजली का पोल भी नहीं है।

पति की मृत्यु के पश्चात बच्चों के पालन पोषण में आ रही कठिनाई, बेटी की पढ़ाई के लिए सहायता दिलाने हेतु आवेदन प्राप्त

पालकोट प्रखंड निवासी सीता मुनि देवी ने बताया कि इनके पति की मृत्यु वर्ष 2023 में हो चुकी है। जिससे बच्चों के पालन पोषण में इन्हें काफी कठिनाई आ रही है। इन्होंने अपनी 6 वर्षीय पुत्री के पढ़ाई के लिए स्पांसरशिप योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया है। इनके आवेदन को देखते हैं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक सहायता एवं योजना का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया गया।

**बरसात से घर क्षतिग्रस्त, आवास निर्माण हेतु आर्थिक सहायता की मांग :** कुलाबीरा पंचायत स्थित कुलाबीरा गांव निवासी राजपति साहू ने बताया कि भारी बारिश के कारण उनका कच्चा मकान ढह गया है। जिसके कारण फिलहाल यह किसी अन्य व्यक्ति के घर पर रह रहें हैं। अपनी परेशानी बताते हुए उन्होंने आवास योजना के तहत लाभ अथवा आपदा राहत राशि देने की मांग की है। इनके आवेदन पर संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को उचित सहायता एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**अन्य विषयों पर भी आए आवेदन, त्वरित कार्रवाई के निर्देश :** आज के जन शिकायत निवारण दिवस में आंगनबाड़ी सेविका, जमीन विवाद, आवास योजना, सामाजिक पेंशन, सड़क निर्माण, रोजगार सहायता, घरेलू विवाद समाधान आदि विषयों से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए। उप विकास आयुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से पढ़ा और संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि समयबद्ध, पारदर्शी एवं मानवीय दृष्टिकोण से सभी समस्याओं का समाधान करें। सभी नागरिकों से अपील है कि अपनी शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु इनमें से किसी भी जन शिकायत में अपनी सुविधा अनुसार उपस्थित होकर अपने समस्या का समाधान स्थानीय रूप से भी कर सकते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in
11

## जेपीएससी सिविल सेवा में चयनित झारखंड के अभ्यर्थियों का हुआ भव्य सत्कार

# सफलता पाने के लिए विद्यार्थियों में प्रबल इच्छा जरूरी : जलेश्वर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** झारखंड लोक सेवा आयोग में चयनित मेधावी अभ्यर्थियों के सम्मान में रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय की ओर से मंगलवार को भव्य समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संस्थापक सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो शामिल हुए। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं चयनित अभ्यर्थियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर जलेश्वर महतो ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को सॉल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए विद्यार्थियों में प्रबल इच्छा जरूरी है। क्षेत्र के


अभ्यार्थी को सम्मानित करते पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो।

बच्चों की उपलब्धि गर्व का क्षण है। अधिकारी बनकर आप झारखंड की तस्वीर बदल सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियो को बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के बताये मार्ग पर चलें, ताकि जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल हो। वहीं, कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य उपस्थित रहे और चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों ने अपने-अपने जीवन अनुभव और सफलता के मूल मंत्र विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ साझा किये। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अफरोज आलम ने कहा कि यदि सूरज की तरह चमकना चाहते हो तो उसकी तरह जलना भी सीखो। उन्होंने शायरी के माध्यम से समझाया कि 'ज़िंदगी में कुछ होगा तो हासिल होगा, और यदि न भी हुआ तो अनुभव जरूर मिलेगा।' वहीं, डीएसपी विवेक कुमार चौबे ने विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम के नकारात्मक प्रभावों से बचने और गलत संगत से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। कहा कि अपने लक्ष्य के अनुरूप पढ़ाई करें, पाठ्यक्रम की शुरूआत से ही गंभीरता और लगन के साथ तैयारी करें। वहीं. डीएसपी अरविंद कुमार महतो ने कहा कि जैसे किसी पेड़ की मजबूती उसकी जड़ों में होती है, वैसे ही विद्यार्थियों की नींव उनके प्रारंभिक विद्यालय में रखी जाती है। डिप्टी कलेक्टर राजीव रंजन ने अपने पिता के प्रेरक शब्दों को साझा किया। कहा कि अगर समाज के लिए कुछ करना है तो वास्तव में समाज के लिए करो। सिर्फ पैसे कमाकर क्या करोगे? पैसे से तुम अपने परिवार को बेहतर जीवन तो दे सकते हो, पर असली संतुष्टि समाज के लिए कुछ करने में है। उन्होंने मेहनत और लक्ष्य पर फोकस बनाए रखने पर बल दिया। डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार राय ने कहा कि चाहे आपके पास सीमित संसाधन ही क्यों न हों, उनका सर्वोत्तम उपयोग कर लक्ष्य पर केंद्रित रहो, तभी सफलता संभव है। झारखंड श्रमिक सेवा की वंदना कुमारी ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें और फिर पूरे मन से उसके पीछे लग जाएं। माता-पिता की आकांक्षाओं का सम्मान करें, तभी जीवन में सार्थक सफलता मिलेगी। स्वीटी सुमन (शिक्षा सेवा) ने कहा कि जीवन में मुख्य लक्ष्य के साथ एक बैकअप प्लान भी जरूरी है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह आपकी सफलता की राह में सहारा बन सके।

# फर्जी हस्ताक्षर कर पैसे काटे जाने के विरोध में मजदूरों का हंगामा

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** लगभग 800 फर्जी हस्ताक्षर कर मृत, अवकाशप्राप्त और अन्य मजदूरों के पैसे बीएमएस नामक ट्रेड यूनियन की ओर से काटे जाने, मजदूरों के साथ प्रबंधन के अड़ियल रवैये और सालभर से ऑपरेटरों को डंफर एवं सावेल आवंटित किये बिना पैसे लेकर संडे दिये जाने के विरोध में बिहार जनता खान मजदूर संघ के एरिया सेक्रेटरी सह सलाहकार समिति के सदस्य छोटू सिंह उर्फ राममूर्ति सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो बीसीसीयल कर्मियों ने मंगलवार को बीसीसीयल क्षेत्र संख्या 4 के वेस्टमुडीडीह कोलयरी कार्यालय के समक्ष प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। करीब आधे घंटे बाद प्रोजेक्ट ऑफिसर मोहन मुरारी ने मजदूरों को शांत कराकर वार्ता के लिये बुलाया। हालांमकि वार्ता भी हंगामेदार रहा। इस दौरान



एरिया सेक्रेटरी ने प्रबंधन से सवाल किया कि किसकी मिलीभगत से करीब 800 मजदूरों का फर्जी हस्ताक्षर कर बीएमएस द्वारा पैसा काटा गया। कांटा पहाड़ी बुद्धू बाबू बंगला के पास के ग्रामीणों को पुनर्वास दिये बिना ही उत्खनन क्यो किया जा रहा है। डंफर और सावेल ऑपरेटर हाजिरी बनाकर घर चले जाते हैं। उसे बगैर काम किये संडे मिल रहा है और काम करने वाले मजदूरों को संडे नहीं मिल रहा है। क्षेत्र में पानी-बिजली की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिस कारण इस वर्ष कतरास एरिया को 400 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इन सबके पीछे क्या कारण है। इस पर प्रबंधन एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। इसके बाद उन्होंने अविलंब जांच करवाने की बात कही। इसके बाद मामला शांत हुआ। इस मौके पर कृष्णा सिंह, मुकेश रॉय, बीबी दास, मनोज सिंह, अजय चौहान, हेमंत कुमार, शिव कुमार महतो, मुकुंद रवानी, शिवनारायण सिंह राम, शाहिल चौहान, संजय सिंह, महबूब अंसारी, रंगनाथ दुबे, पितलाल महतो, अनंत सिंह, रमेश सिंह और बाबू सिंह आदि मौजूद थे।

## एसपी ने दिया संपत्ति से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में मंगलवार को मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता एसपी हरविंदर सिंह ने की। इसमें संपत्ति से संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करने और लंबित कांडों के शीघ्र उद्भेदन पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित सभी थाना प्रभारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को संबोधित करते हुए एसपी ने हालिया आपराधिक घटनाओं के निष्पादन में पुलिस टीम को मिली सफलता पर संतोष जताने के साथ ही गंभीर अपराधों के उद्भेदन में



तेजी लाने का भी निर्देश दिया। कहा कि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। समीक्षा बैठक में अदालत से जुड़े मामलों में आने वाली चुनौतियां और जांच अधिकारियों से अपेक्षाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। आपसी सामंजस्य और कानूनी कार्रवाई को प्रभावी बनाने को लेकर विशेष जोर दिया गया। साथ ही 15 अगस्त और जन्माष्टमी पर्व को लेकर सभी थाना प्रभारी एवं पर्यवेक्षी अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किया।

## जनता दरबार लगाकर डीडीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, किया समाधान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय कक्ष में मंगलवार को डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने जनता दरबार लगाकर आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 41 से ज्यादा लोगों की समस्याओं-शिकायतों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित किया और अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का मौके पर




ही निष्पादन किया गया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अंचल कार्यालय जरीडीह-चंदनकियारी-पेटरवार, समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## एएसपी कोलियरी के पाथरडीह वर्कशॉप में चोरों ने की सेंधमारी



### कीमती पार्ट्स लेकर चलते बने चोर, प्रबंधन से साधी चुप्पी

**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र स्थित बीसीसीएल के सुदामडीह एएसपी कोलियरी के पाथरडीह वर्कशॉप में सोमवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर लाखों रुपए के कीमती पार्ट्स लेकर चलते बने। जानकारी के मुताबिक अज्ञात चोरों ने पहले बाउंड्री वाल की दीवाल में सेंधमारी की। इसके बाद वर्कशॉप की दीवाल में सेंधमार करने के बाद घटना को अंजाम दिया है। जिस समय चोर सेंधमारी कर रहे थे, बीसीसीएल के गार्ड ड्यूटी पर मौजूद थे। बावजूद उनको इसकी भनक नहीं लगी। बताते चलें की इस वर्कशॉप में कीमती मशीनों के कल पुर्जे, बड़े-बड़े मोटर्स आदि रखे हुए है। जिसकी देखभाल के लिए बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से लाठी पार्टी वाले गार्ड रखे गये है। हालांकि बीसीसीएल के पास सीआईएसएफ के जवान भी उपलब्ध है। दूसरी ओर, रात में सुदामडीह पुलिस गश्त के दौरान क्षेत्र में पहुंची तो आहट सुन चोर वहां से फरार हो गये। उस क्रम में एक पाइप सॉफ्ट और एक बुश पड़ा मिला। इस मामले में वर्कशॉप में कार्यरत वर्कर ने कुछ भी कहने से इन्कार किया है। जबकि वर्कशॉप इंचार्ज संतोष यादव ने बताया कि चोरी हुई है, लेकिन उनकी छुट्टी होने के कारण कोई जानकारी नहीं है। उधर, वारदात की सूचना पाकर ए चंद्रा कोलीयरी के मैनेजर एवं सीआइएसएफ के एमके पासवान घटना स्थल पहुंचे, लेकिन उन लोगों ने भी कुछ नहीं बताया। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं करायी गयी थी।

## पेटरवार और सेक्टर 12 थाना क्षेत्र से दो ट्रैक्टर जब्त

### अवैध बालू खनन-परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग का अभियान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग ने मंगलवार को सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर जब्त किया। लगे हाथ संबंधित थानों में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गयी। जानकारी के मुताबिक पेटरवार थाना अंतर्गत ओबरा फोरलेन क्रॉसिंग के समीप मुख्य पथ पर अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया, जिसे विधिवत जब्त कर पेटरवार थाना को सौंप कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। वहीं, सेक्टर-12 थाना अंतर्गत जैप-4 कार्यालय मुख्य द्वार के समीप पथ पर अवैध रूप से बालू खनिज का




प्रेषण करते एक अन्य ट्रैक्टर को पकड़ा गया। उसे जब्त कर सेक्टर-12 थाना को सौंपते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल सक्रिय रूप से मौजूद रहे। वहींस जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

## बेरमो थाना ने बाल अपराधी को भेजा बाल सुधार गृह

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित सिंह ने कार्रवाई करते हुए अपराध करते पकड़ने के बाद दो नाबालिकों को बाल सुधार गृह भेज दिया है। बेरमो थाना क्षेत्र के फिल्ड क़्वायरी मार्केट में चोरी की घटना में संलिप्त दोनों नाबालिक अपराध करते सीसीटीवी कैमरे में देखे गये थे। इसके बाद मार्केट संगठन के अध्यक्ष अनिल रवानी ने इसकी सूचना बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह को दी। जिसके बाद पुलिस दोनों को पकड़ कर बेरमो थाना लायी। इसमें से एक बच्चा जवाहर नगर का है। जिसके पिता विगत कुछ वर्ष पहले अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में है। जबकि दूसरा रांची धौड़ा का रहने वाला है, जिसकी मां छोटे-मोटे काम कर परिवार का गुजर बसर करती है।

## केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री से मिलकर रविंद्र पांडेय ने की समस्याओं पर चर्चा

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से दिल्ली स्थित उनके आवास पर जाकर मिले। इस दौरान उन्होंने सीसीएल और बीसीसीएल सहित अन्य क्षेत्रों में व्याप्त समस्यायों के साथ ही बरती जा रही अनियमितताओं पर उनके साथ चर्चा करते हुए उनका ध्यान आकृष्ट कराया। इस संदर्भ में केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने खुद कोल इंडिया के विभिन्न इकाइयों में आकर विषय-वस्तु एवं अनियमितताओं से अवगत होने के साथ ही आवश्यक कार्रवाई करने की का भी आश्वासन दिया है।

## बाघमारा विधायक की अगुवाई में महुदा में भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

# राष्ट्रीय ध्वज एकता, संप्रभुता और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक : शत्रुघ्न महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के नेतृत्व में मंगलवार को महुदा मंडल क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो मछियारा चौक से शुरू होकर महुदा बाजार होते हुए लालबंगला मोड़ तक पहुंची। जहां देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। इसके बाद यात्रा महुदा बाजार में वापस आकर एक विशाल सभा में तब्दील हो गई। अपने संबोधन में विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा



कि 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाना उनका लक्ष्य है। कहा कि राष्ट्रीय ध्वज भारत की एकता, संप्रभुता और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण और देशभक्ति को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। इस मौके पर जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह, जितन रवानी, संपद घोषाल, बिरजू रवानी, महेश पटवारी, अजय दास, किशुन महतो, विकास अग्रवाल, फुलचांद रवानी, घनश्याम महतो, मटुक मिश्रा, रंगलाल रवानी, समीर पाण्डेय, मनोज रजक, राजेश महतो और विजय नापित आदि मौजूद रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –04/2025-26**

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमान विपत्र की बिक्री की तिथि : 25.08.2025 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 26.08.2025 (अपराहन 03.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 26.08.2025 (अपराहन 03.30 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : i. मुख्य अभियंता (या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची, इंजिनीयरिंग हास्टल, न0-02, धुर्वा, राँची। ii. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग। iii. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : क्रमांक 5 पर वर्णित स्थान।
7. नियम व शर्तें :–

i. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताए निविदा को रद करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
ii. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड का निबंधन प्रमाण पत्र एवं GST से संबंधित प्रमाण पत्र की सुस्पष्ट प्रति संन्लग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।
iii. निविदा प्राप्ति की तिथि को अपराहन 03.00 बजे तक पथ प्रमण्डल, चतरा कार्यालय परिसर के अन्दर संवेदको द्वारा समूह में अथवा गुट बनाकर वार्तालाप करने, शोरगुल करने या अनावश्यक समय व्यतीत कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने पर इस निविदा को रद् किया जा सकता है।
iv. संवेदक पर प्रमण्डल/जिला अंतर्गत किसी भी योजना का कार्य लम्बित रहने पर उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
v. किसी भी संवेदक को एक वित्तिय वर्ष में एक ही कार्य को आवंटित किया जाएगा।
vi. परिमाण विपत्र क्रय हेतु निर्धारित शुल्क का सरकारी अधिकृत बैंक से EE RCD, Road Division, Paybal at Chatra का DD संलग्न करना अनिवार्य होगा।
vii. एक निबंधन पेपर से सवेदक द्वारा किसी भी तीन कार्य का परिमाण विपत्र क्रय किया जा सकता है।
viii. परिमाण विपत्र क्रय करने हेतु आवेदक/संवेदक को निवंधन प्रमाण पत्र के साथ स्वयं कार्यालय में प्रस्तुत होना होगा अन्यथा आपके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
ix. PWD Code संशोधन उपरांत 10% न्युनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है, फलस्वरूप इससे ज्यादा न्युन्तम दर अंकित करने वाले संवेदक को Bank Solvency Certificate (निविदित राशि का 25%) जमा करना होगा। जमा नहीं करने पर आपकी सहभागिता पर विचार नहीं किया जाएगा।
x. सभी निविदा प्रपत्रों पर दरें स्पष्ट रूप में शब्दों एवं अंको में अंकित होना चाहिए।
xi. परिमाण विपत्र क्रय हेतु संवेदक को Bank Solvency Certificate Current Year का संलग्न करना अनिवार्य होगा। (योजना की राशि का 25%)

उपर्युक्त सभी शर्तों को पुरा नहीं करने वाले निविदा दाता का निविदा मान्य नहीं होगा।

8. कार्य विवरणी :–

| क्र0. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य(रू0 में) | अग्रधन की राशि(रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | टण्डवा(उर्षु) मिशिंग लिंक पथ के विभिन्न पथांशों में विशेष मरम्मति कार्य। | 15.00 | 2500=00 | 30,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 2. | खदैया–गोपदा–डुमरी–केरेडारी पथ के 1st &2nd Km में साधारण मरम्मति कार्य। | 20.00 | 2500=00 | 40,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 3. | उॅटा मोड़ तमासीन –कान्हाचट्टी से गुल्ली मोड़ पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 25.00 | 2500=00 | 50,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 4. | हंटरगंज–पांडेपुरा–प्रतापपुर पथ के 21वें कि0मी0 में स्थित पुल के पहुँच पथ में PCC कार्य। | 25.00 | 2500=00 | 50,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 5. | पुलिस लाइन–नावाडीह रोड के विभिन्न पुलिया का मरम्मति कार्य। | 15.00 | 2500=00 | 30,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 6. | जिहु–ईटखोरी पथ के 12वें किमी पर अवस्थित पुल पर RCC रेलिंग का निर्माण कार्य । | 10.00 | 1250=00 | 20,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 7. | चौपारण–चतरा पथ के 11वें एवं 14वें किमी पर R.C.C. नाली का निर्माण कार्य | 25.00 | 2500=00 | 50,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 8. | चौपारण–चतरा पथ के 14वें किमी पर R.C.C. नाली का निर्माण कार्य | 30.00 | 5000=00 | 60,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 9. | चौपारण–चतरा पथ के 16वें किमी पर RCC नाली का निर्माण कार्य | 20.00 | 2500=00 | 40,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 10. | सिमरिया टण्डवा पथ में अवस्थित विभिन्न पुलों का Expention Joint, Wearing Coat का मरम्मति एवं रंग रोगण कार्य। | 50.00 | 5,000=00 | 1,00,000=00 | 03 (तीन)मांह |
| 11. | सिमरिया निरीक्षण भवन का मरम्मति कार्य। | 15.00 | 2500=00 | 30,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 12. | पथ प्रमंडल चतरा के परिसर का सौंदर्यीकरण कार्य। | 10.00 | 1250=00 | 20,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 13. | पथ प्रमंडल चतरा अंतर्गत पथ अवर प्रमंडल ईटखोरी कार्यालय का नवीनीकरण कार्य। | 20.00 | 2500=00 | 40,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 14. | सिमरिया टण्डवा पथ के दाढी चौक बाजार में पथ के दोनो तरफ Paver Block कार्य। | 15.00 | 2500=00 | 30,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 15. | टण्डवा –बारियातु पथ में टण्डवा चौक के पास पथ के दोनो तरफ Paver Block कार्य। | 18.00 | 2500=00 | 36,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 16. | चौपारण–चतरा पथ के 10वें किमी पर पथ के दोनों ओर पेवर ब्लाक अधिष्ठापन कार्य। | 10.00 | 1250=00 | 20,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 17. | चौपारण–चतरा पथ के 15वें किमी पर पथ के दोनों ओर पेवर ब्लाक अधिष्ठापन कार्य। | 10.00 | 1250=00 | 20,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 18. | पथ प्रमण्डल, चतरा अंतर्गत विभिन्न पथों में Road Safety मद अंतर्गत कार्य। | 50.00 | 5000=00 | 1,00,000=00 | 03 (तीन)मांह |

निविदा की शर्तें WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
**नोट :– परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ भी सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि का आंकलन मान्य होगा।**

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल,चतरा

PR 359388 Road(25-26).D

# वोटर लिस्ट पुनरीक्षण में 'नो आधार' पर चुनाव आयोग सही : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट पुनरीक्षण (एसआइआर) के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को लंबी सुनवाई हुई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी और शादान फरासत ने अपने पक्ष रखे। सिब्बल ने चुनाव आयोग के इस अभियान की प्रक्रिया पर सवाल उठाये। इस पर आयोग की ओर से कहा गया कि इतनी बड़ी प्रक्रिया में थोड़ी खामियां रह जाती हैं, इसलिए ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावा-आपत्तियां मांगी गयी हैं। वहीं शीर्ष अदालत ने एसआइआर में आधार और राशन कार्ड को नहीं शामिल करने के चुनाव आयोग के कदम को सही ठहराया है। इस मामले पर बुधवार को सुनवाई जारी रहेगी।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से एसआइआर के तहत बिहार में 65



लाख लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का आरोप लगाया गया। वकील कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि एक छोटे से निर्वाचन क्षेत्र में 12 लोग ऐसे हैं, जिन्हें मृत दिखाया गया है, लेकिन वे जीवित हैं। कुछ मृत लोगों के नाम लिस्ट में हैं। चुनाव आयोग ने कोई काम नहीं किया है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि अभी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी हुई है। इस पर आपत्तियां और सुधार हेतु आवेदन मांगे गये हैं। इतनी बड़ी प्रक्रिया में कुछ गलतियां होना स्वाभाविक है।

**सुप्रीम कोर्ट का आयोग से सवाल :** इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से पूछा कि कितने लोगों की पहचान मृतक के रूप में हुई है। चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि इतनी बड़ी प्रक्रिया में कुछ न कुछ खामियां तो होंगी हीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने अदालत में कहा कि नये वोटर को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरना होता है। उस फॉर्म में जन्म तारीख के लिए दस्तावेजी सबूत की सूची में आधार कार्ड को दूसरे नंबर पर रखा गया है। मगर वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआइआर) में चुनाव आयोग आधार को स्वीकार नहीं कर रहा है। सिब्बल ने कहा अगर कोई व्यक्ति कहता है कि मैं भारत का नागरिक हूं, तो इसे सिद्ध करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है। एक नागरिक सिर्फ जानकारी दे सकता है। यदि किसी नागरिक के भारतीय होने पर संदेह है, तो सरकार को ही साबित करना होगा।

भोजनावकाश के बाद सुप्रीम कोर्ट में दोबारा शुरू हुई सुनवाई के दौरान वकील कपिल सिब्बल ने वोटर लिस्ट रिवीजन की पूरी प्रक्रिया को कानून के विरुद्ध बताया। उन्होंने गणना फॉर्म का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव आयोग को ऐसा करने का अधिकार नहीं है।

## पहले कभी फॉर्म और दस्तावेज नहीं मांगे गये: योगेंद्र

एसआइआर मामले पर चुनावी विश्लेषक योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि बिहार में साल 2003 में विशेष गहन पुनरीक्षण नहीं, बल्कि गहन पुनरीक्षण (आइआर) हुआ था। हालांकि इन दोनों में कोई खास फर्क नहीं है। मगर इस देश के इतिहास में जितने भी वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण (रिवीजन) हुए, उनमें कभी फॉर्म जमा करने को नहीं कहा गया। कभी भी मतदाताओं से दस्तावेज नहीं मांगे गये। 2003 में वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण के दौरान चुनाव कर्मी घर-घर जाते थे और बिना किसी फॉर्म या दस्तावेज के सत्यापन करते थे। उन्होंने दलील दी कि गहन पुनरीक्षण एक अच्छी पहल है। मगर विशेष गहन पुनरीक्षण में दो और चीजें जोड़ दी गयीं- फॉर्म भरने की आवश्यकता और नागरिकता का अनुमान। ये अवैध है। यादव ने वर्तमान में जारी एसआइआर पर चुनाव आयोग की मंशा पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास में पहली बार है, जब ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में कोई नया मतदाता नहीं जोड़ा गया है, बल्कि 65 लाख मतदाताओं को हटाया गया है, जबकि पूर्व में हुए वोटर लिस्ट रिवीजन में नये वोटरों को भी जोड़ा गया था। योगेंद्र यादव ने दावा किया कि चुनाव आयोग की यह प्रक्रिया संशोधन के लिए नहीं, बल्कि विलोपन के लिए थी। आयोग कह रहा है कि नये वोटर जोड़ने के लिए फॉर्म 6 भर सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि जब बीएलओ या कोई चुनाव कर्मी मतदाताओं के घर एसआइआर के लिए आये, तब उन्होंने विलोपन ही क्यों देखा।

## चुनाव आयोग बोला, हम शुद्धिकरण कर रहे, मदद करें

एसआइआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने अदालत से कहा कि इस प्रक्रिया के तहत हम शुद्धिकरण कर रहे हैं। इसे रोकने की कोशिश करने की बजाय हमारी मदद करनी चाहिए।

सुनवाई के आखिर में शीर्ष अदालत ने कहा कि योगेंद्र यादव ने कई तथ्यात्मक मुद्दे उठाये हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कुछ मुद्दों पर सुधारात्मक उपाय आवश्यक हैं। अगर चुनाव आयोग ने ये उपाय किये हैं, तो अच्छी बात है। अगर नहीं हुए हैं, तो फिर हम उन्हें देखेंगे।

# कैबिनेट मीटिंग में ₹4,594 करोड़ की परियोजनाओं को दी गयी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 18,541 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बैठक में चार नये सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि 6 परियोजनाएं पहले से ही स्वीकृत हैं और चार नयी परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इसके तहत ओड़िशा, आंध्र प्रदेश और पंजाब में प्लांट्स लगाये जायेंगे, जिसके लिए 4,594 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा।

**लखनऊ में मेट्रो के अगले फेज को मंजूरी:** वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11.165 किलोमीटर लंबाई वाली लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के फेज-1बी को मंजूरी दी है। इसके तहत 12 मेट्रो स्टेशन बनाये जायेंगे और जिसके लिए 5,801 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। लखनऊ में मेट्रो की बहुत जरूरत है।

**हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को मंजूरी:** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत स्वच्छ विकास और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसलिए अरुणाचल प्रदेश के शियोमी जिले में 8,146 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 700 मेगावाट की टाटो-टू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गयी है।

# सिकिदिरी मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी मंडल में नवागढ़ से ओवर, बदरी, कुचु, हुंडरू बुटगोड़ा, खाभवन, मैनी छापर आदि गांव से होते हुए भव्य तिरंगा यात्रा निकली गयी। इसका नेतृत्व भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार कर रहे थे। साथ में कार्यक्रम प्रभारी सत्यदेव मुंडा, मंडल अध्यक्ष सोहराय बेड़ियां, 23 मोर्चा अध्यक्ष बुधराम बेदिया,पंचम भोगता, शिबू बेदिया, दिलीप मिर्धा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत रहे। सिकिदिरी मंडल द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना को बढ़ावा देना था। इस यात्रा में भारतीय ध्वज को फहरा कर और वंदे मातरम जैसे देशभक्ति नारों का उद्घोष करके लोगों ने अपनी देशभक्ति व्यक्त की।

# वोटर वेरिफिकेशन पर विपक्ष का लगातार दूसरे दिन हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआइआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा स्थगित कर दी गयी। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर हंगामा हुआ, जिसके चलते दोनों सदन फिर से तीन बजे तक स्थगित रहे। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया। बिहार की महिला वोटर मिंता देवी सुर्खियों में हैं। उनके नाम पर वोटर लिस्ट रिवीजन में हुई गड़बड़ी का एक मामला सामने आया है।

## पिक्चर अभी बाकी है : राहुल गांधी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह राष्ट्रीय स्तर पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की 'फर्स्ट टाइम' वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनगिनत मामले हैं। पिक्चर अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। आयोग का कर्तव्य है कि वो 'एक व्यक्ति, एक वोट' को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

सिवान की रहने वाली मिंता देवी की उम्र 35 साल है। मिंता देवी की जन्म 1990 है, जबकि वोटर लिस्ट में ये 1900 बताया गया है और उनकी उम्र 124 साल बता/१ गयी है।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

- स्पीकर ने तीन सदस्यीय कमेटी बनायी, कहा, आरोप गंभीर हैं इसलिए पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्पीकर ने कहा कि मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए



तीन सदस्यीय कमेटी का एलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाइकोर्ट के 1-1 जज और 1 कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा। बताते चलें कि इस साल 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें 500-500 के अधजले नोटों की गड्डियां नजर आयी थीं।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**